●वर्ष : 16 ●अंक : 117 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 15 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

मा. इंद्रेश कुमार जी राष्ट्रीय संरक्षक

संजीव सिंह सैंगर राष्ट्रीय अध्यक्ष

सलीम खान अध्यक्ष : पश्चिमी उ.प्र. (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ)

हर घर तिरंगा अभियान

मेरी जान तिरंगा है

9 से 15 अगस्त 2024

देश प्रेम का एक अनूठा उत्सव...

आप भी अपने घर पर शान से लहराएं तिरंगा

राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अमरोहा की ओर से

पंकज चाहल ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक हसनपुर

राकेश चाहल

विकास कुमार बांगा जिला महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अमरोहा

सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वी आर जी ज्वेलर्स एंड प्रॉपर्टी डीलर, निकट दलपत साइकिल वालों के पास मेंन मार्केट हसनपुर की ओर से

सभी नगर क्षेत्रवासियों को नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव गुप्ता

गीता गुप्ता

कार्यालय विद्युत विभाग हसनपुर की ओर से

सभी उपभोक्ताओं एवं नागरिकों व अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1.प्रभव एच गौड़ (एसडीओ)

2. साहिल गांधी (जे ई)

3. रवीश त्यागी (टी जी टू)

सभी नगर वासियों को क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदेश मंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल यू पी,पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा हसनपुर, मंत्री अग्रवाल सभा हसनपुर

मुकेश गोयल

भारतीय किसान संघ अमरोहा की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्ण कुमार शर्मा सभापति, बहुद्देशीय सहकारी समिति लि भदौरा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बी के एस, अमरोहा।

सुखदेव शर्मा, औसा माफी

सौजन्य से =भारतीय किसान संघ अमरोहा

सुमित अग्रवाल नगर अध्यक्ष युवा अग्रवाल सभा (हसनपुर)

सभी क्षेत्रवासियों को नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिखर अग्रवाल युवा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अमरोहा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा अमरोहा

चौधरी नरेंद्र सिंह प्रांतीय (उपाध्यक्ष) मेरठ प्रांत

मनवीर सिंह कपासिया चकुनी युवा ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ब्लॉक (हसनपुर)

जयविंद्र सिंह खटाना (सामाजिक कार्यकर्ता)

भारतीय किसान संघ की ओर से

सभी देशवासियों को ग्राम वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों को नगर वासियों को जिला वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जिला प्रमुख शिवसेना अमरोहा, उद्धव ठाकरे गुट

सौजन्य से= शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट अमरोहा

निवेदक वेद प्रकाश यादव

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमरोहा की ओर से

सभी देशवासियों को नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

15th AUGUST

सौजन्य से = उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (हसनपुर)

होम पाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष (हसनपुर)

यशपाल नागर जिला अध्यक्ष अमरोहा

एच एस एस पब्लिक स्कूल हसनपुर की ओर से

सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं को एवं अभिभावकों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निवेदक = राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल

सभी क्षेत्रवासियों को नगर वासियों को एवं अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी हसनपुर, अमरोहा

सौजन्य से= डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह

सभी देशवासियों को, नगर वासियों को, उपभोक्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

न्यू गुप्ता लुब्रिकेंट एंड बेयरिंग स्टोर निकट एचडीएफसी बैंक अमरोहा रोड़ हसनपुर जिला (अमरोहा)

डिस्ट्रीब्यूटर गल्फ ऑयल इंडिया लिमिटेड, कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड, वल्वोलीन आदि सभी प्रकार के मोबील ऑयल के थोक विक्रेता

सौजन्य से = विवेक गुप्ता (प्रोपराइटर)

चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली, हसनपुर अमरोहा की ओर से

सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं को एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य से= पुनीत अग्रवाल प्रबंधक

रामशरन एवं सुशील आनंद हाई स्कूल हसनपुर की ओर से

सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील चंद्र सक्सेना (प्रबंधक)

अंकुर राजपूत (कोषाध्यक्ष)

निवेदक = पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट (अध्यक्ष)

निशांत त्यागी (प्रधानाचार्य)

एसपीएस पब्लिक स्कूल अहरौला तेजवन रोड, निकट रेलवे फाटक गजरौला एवं एसपीएस पब्लिक स्कूल निकट अमरोहा बस स्टैंड हसनपुर की ओर से

सभी छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य से= विनोद कुमार प्रबंधक

वक़्फ़ लिबरेशन मूवमेंट के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य से मुलाकात की

वक़्फ़ संपत्ति को लेकर प्रस्तावित संशोधन हमें मंजूर नहीं: शाहिद अली एडवोकेट

नई दिल्ली। वक़्फ़ लिबरेशन मूवमेंट और यूनाइटेड मुस्लिम फ्रंट के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी से मुलाकात की और वक्फ बोर्डों की शक्तियों को सीमित करने के एनडीए सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया और अपनी बात रखी। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के वकील शाहिद अली ने बताया कि मौजूदा वक़्फ़ बिल पर बैठक में हमने अपना पक्ष रखा है, इसके अलावा हमने संयुक्त संसदीय समिति के सभी सदस्यों को पत्र भेजा है जिसमें हमने सुझाव दिये हैं. हम संयुक्त संसदीय समिति के सभी सदस्यों और दुसरे नेताओं के साथ एक बैठक सुनिश्चित करेंगे और उनके समक्ष अपनी बात रखेंगे और गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की तर्ज पर वक़्फ़ बोर्ड समिति के गठन की हमारी लंबे समय से चली आ रही मांग को भी दोहराएंगे .उन्होंने कहा कि वक़्फ़ संपत्तियों के संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तुत 40 संशोधन हमें स्वीकार्य नहीं हैं क्योंकि इससे वक़्फ़ अधिनियम की सार्थकता एवं उपयोगिता समाप्त हो जायेगी, जो मुसलमानों के पूर्वजों की देन है । जिसे मुसलमानों की तरक्की के लिए वक़्फ़ किया गया है। वक़्फ़ अधिनियम और वक्फ संपत्तियों को संविधान द्वारा संरक्षित किया गया है, इसलिए सरकार इस कानून में ऐसा कोई संशोधन नहीं कर सकती है जो इन संपत्तियों की प्रकृति और स्थिति को बदल दे, इसलिए वक्फ अधिनियम में कोई भी संशोधन अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि सिखों और अन्य धर्मों के लोगों की तरह, मुस्लिम भी इस देश के निवासी हैं, इसलिए जब सिखों को इन संपत्तियों की रक्षा और उपयोग करने और समिति के अधिकारियों को चुनने का अधिकार है, तो मुसलमानों को क्यों नहीं, इसलिए हम मांग करते हैं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तर्ज पर वक़्फ़ बोर्ड कमेटी का गठन किया जाए।

विहिप अध्यक्ष ने इस्कॉन प्रमुख से मुलकात की

नई दिल्ली, अगस्तः बंग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हुए हमलों पर अपनी चिंता, संवेदना व हिन्दू समाज की एकजुटता व्यक्त करने हेतु विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार आज इस्कॉन के प्रमुख पूज्य मोहनरूप दास प्रभु से मुलाकात की।

दक्षिणी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में मंगलवार सुबह हुई भेंट में विहिप अध्यक्ष ने बंग्लादेश में मंदिरों तथा भक्तों पर हुए नृशंस हमलों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली वार नहीं है जब इस्कॉन व उसके भक्तों ने जिहादियों के हमलों को सहा है अपितु, पहले भी 2021 में इस सेवभावी संस्था पर हमले हुए हैं।

हमने बंग्लादेश सरकार से मांग की है कि हिन्दू मठ-मंदिरों व भक्तों की सुरक्षा व क्षतिपूर्ति तथा अतिवादियों पर कठोर विधिक कार्यवाही की जाए। हमने इस संबंध में, भारत सरकार समेत विश्व भर की मानवाधिकारवादी संस्थाओं से भी, इस बारे में, अपील की है कि वे भी इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर पूर्ण विराम लगाएं। इस्कॉन अध्यक्ष के साथ उसके मीडिया निदेशक वी.एन. दास प्रभु तथा ऋषि कुमार दास भी उपस्थित थे।

विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस्कॉन को आश्वासन भी दिया कि संकट की इस घड़ी में विहिप के साथ ही सम्पूर्ण हिन्दू समाज उनके साथ प्राण-पण से खड़ा है तथा जहां जैसी आवश्यकता होगी हम सब मिलकर काम करेंगे।

आलोक कुमार के साथ विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख दीपक गुप्ता, सह-प्रमुख लक्ष्मण सिंह, विहिप दक्षिणी दिल्ली के अध्यक्ष दीपक खन्ना, मंत्री राधाकृष्ण, बजरंगदल सह-संयोजक अमित बेसोया तथा लाजपत नगर जिला अध्यक्ष करण कपूर भी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित होंगे उत्तर प्रदेश पुलिस के 2420 इंस्पेक्टर और कांस्टेबल

नई दिल्ली। आजादी- आजादी का असली मतलब वही समझ सकते हैं जिसने कभी गुलामी की हो हम सौभाग्यशाली है की हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया यू तो आजादी की लॉ 1857में ही जल चुकी थी जो मार्शल बन कर1947 में हमारे देश को आजाद कर आई लेकिन आज के इस दौर में वो युवा जिनके ऊपर ये जिम्मेदारी थी की अपने देश अपने समाज अपने राष्ट्र की आशाओं को बांधे रखने की वही युवा अब 4 बाए 4 इंच की छोटी सी स्क्रीन पर अपने कोमल उंगलियो के घर्षण बाल से अपने भावनाओ की इमोजी भेज रहा 4 बोटल रोज का काम मेरा रोज का भारत का भविष्य खराब कर रखा है हम ना एक ऐसे समाज में जीते है जहा लड़को से बात करते देख जो भाई हरकतें है वही भाई अपनी गर्लफ्रेंड के किस्से घर में हस हस '१ सुनाते हैं और मैं बता दू की महिला सुरक्षा के मामले में हम आज भी चौथे नंबर पर आते है हम ना एक ऐसे समाज में जीते है जहा पत्थर की मूरत को लगते है 56भोग और भूखे नंगे तरपते सोते है लोग मजदूर को मजदूर समज्ये मजबूर नही गरीब को काम दीजिए दान नही और अगर दान देने के इच्छुक है तो जीते जी रक्त दान और मरने के बाद अंग दान दीजिए यही सच्ची देश भक्ति है और यही सच्चा राष्ट्र प्रेम है।मेरे विचार में राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब इस देश में महिलाओं की पूजा नही महिलाओं की इज्जत की जाएगी राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब सिर्फ सरकार नही बल्कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति हर नागरिक मेरा स्वच्छ भारत मेरा स्वच्छ भारत सिर्फ कहेगा नही बल्कि उसे दिल से अपनाएगा राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब हम जाती का द्रख्त नही बल्कि सामाजिक शक्तिकरण पर बात करेंगे क्योंकि हमारे देश की जिम्मेदारी नही है हमे आगे ले जाना ये हमारी जिम्मेदारी है की हम अपने देश को आगे ले जाए। अंत मैं थी कहूंगी कि मेरा भारत महान था महान है महान रहेगा और ये सिर्फ भारत ही नही सारा जहां कहेगा।

15 अगस्त को लाल किले में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे पंचायत प्रतिनिधि

नई दिल्ली, अगस्त : जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने और पंचायत प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करने की ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत सरकार ने 15 अगस्त को लाल किले में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों (ईडब्ल्यूआर)/निर्वाचित प्रतिनिधियों (ईआर) को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल महिला पंचायती राज प्रतिनिधियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को कल नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और मंत्रालय के विशेष सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थिति रहेंगे। सम्मान समारोह शाम 7:00 बजे होगा। दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस समारोह में पंचायती राज संस्थाओं 400 महिला प्रतिनिधियों को जीवनसाथियों के साथ आमंत्रित किया गया है।

पंचायती राज मंत्रालय कल सुबह 10:30 बजे डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, जनपथ, नई दिल्ली में पंचायतों में महिला नेतृत्व पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है, इसमें सभी आमंत्रित पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे। राष्ट्रीय कार्यशाला को पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. किरण बेदी संबोधित करेंगी। कार्यशाला में सचिव विवेक भारद्वाज, विशेष सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसमें अन्य प्रमुख विषयों के अलावा तीन दशकों में पंचायत शासन में पंचायत शासन में की भूमिका में परिवर्तन, सार्वजनिक सेवा वितरण में महिलाओं का नेतृत्व, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेश के मुद्दों से निपटने से संबद्ध विषयों पर चर्चा की जाएगी।

एक्सिटा कॉटन ने 1:3 के अनुपात में बोनस इश्यू की घोषणा की

नई दिल्ली, अगस्त : भारत में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाली कपास की गांठें, कपास के बीज और सूती धागे के निर्यातकों में अग्रणी निमार्ताओं में से एक एक्सिटा कॉटन लिमिटेड ने 1:3 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की घोषणा की है (यानी, रिकॉर्ड तिथि के अनुसार प्रत्येक 3 फुल्ली पेइड-अप इक्विटी शेयर्स के लिए रु. 1 का 1 बोनस इक्विटी शेयर) जो शेयरधारकों से अनुमोदन के अधीन है।

कंपनी ने 30 जून, 2024 को समाप्त पहली तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम भी घोषित किए। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए रु. 3.54 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जबकि कर पूर्व लाभ रु. 4.96 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय रु. 154.96 करोड़ और एबिटा रु. 5.73 करोड़ रही।

एक्सिटा कॉटन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नितिनभाई पटेल ने बताया कि चुनौतीपूर्ण उद्योग परिदृश्य और वैश्विक सुस्ती के बावजूद हमें मजबूत तिमाही नतीजों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। केंद्र सरकार नए बाजारों तक पहुंच बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है।

स्वच्छता अभियान का संदेश के साथ निकाली गई तिरंग यात्रा

देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए क्रांतिकारियों को शहीदी का दर्जा मिले : पम्मा व राकेश यादव

तिरंगा यात्रा निकालते गणमान्य।

नोएडा, अगस्त : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर हर घर तिरंगा हर दुकान तिरंगा के तहत फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में सदर बाजार के सैकड़ों व्यापारियों ने कुताब रोड से शुरू होकर मैन बाजार सदर बाजार से होते हुए 12 टूटी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाल कर सभी को मार्केट को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने सबसे अपील की कि अपने - अपने घरों के पास पौधे लगाए, पानी को वेस्ट न करें, सड़कों पर गंद न फेंक प्लास्टिक थैली का प्रयोग न करें जैसे जनहित मुद्दों पर आम जनता का जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर पर सभी भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद के जयकारे भी लगा रहे थे। सभी अपने हाथों में तिरंगे लेकर देशभक्ति के गीतों में झूम रहे थे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी जी से अपील की कि 15 अगस्त को लाल किला से देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए क्रांतिकारियों को शहीदी का दर्जा देने की घोषणा करें और सरकार उनके परिवार को सभी सरकारी सुविधा उपलब्ध करवाई। इस इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र महेन्द्रू और कमल कुमार ने बताया कि सदर बाजार की सभी मार्केट को तिरंगे से सजाया जा रहा है।

भारतीय मानक ब्यूरो ने 'पर्यावरण और पारिस्थितिकी के लिए मानकीकरण' पर कार्यशाला आयोजित की

नई दिल्ली, अगस्त : भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित मुद्दों पर मानकीकरण के लिए एक नया विभाग बनाया है, जिसे पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग (ईईडी) का नाम दिया गया है।

नव स्थापित विभाग की भविष्य की गतिविधियों के लिए एक मजबूत बुनियाद तैयार करने के लिए, भारतीय मानक ब्यूरो ने 12 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली में 'पर्यावरण और पारिस्थितिकी के लिए मानकीकरण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि नए पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग के साथ, हम न केवल सर्वोत्तम मानकों की आवश्यकता को पूरा कर रहे हैं, बल्कि एक व्यापक कार्य योजना बना रहे हैं, जो सभी पर्यावरण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती है। उन्होंने आगे कहा कि ब्यूरो का लक्ष्य भारत और विश्व के लिए मानकों का सृजन करना है। उन्होंने बताया कि बीआईएस अगले दो महीनों में पर्यावरण मानकीकरण में अग्रणी बनने और वैश्विक स्थिरता में मानक स्थापित करने के विजन के साथ संगोष्ठियों का आयोजन करेगा।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव लीना नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम मानकों के बारे में बात करते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात सभी संबंधित हितधारक समूहों के साथ विशेषज्ञों और सलाहकारों के बीच बातचीत होती है। उन्होंने एक बड़े समाज को प्रभावित करने वाली विविध सामग्रियों पर मानक लाने के लिए बीआईएस, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया।

सुक्रालोज छोटी खुराक पूरी तरह सुरक्षित है : अध्ययन

नई दिल्ली, अगस्त : मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) ने हाल ही में टाइप 2 डायबिटीज (टी2डी) से पीड़ित वयस्कों के बीच कार्डियो मेटाबॉलिक जोखिम कारकों पर सुक्रालोज के प्रभाव को लेकर भारत का पहला अध्ययन प्रकाशित किया है। एमडीआरएफ एक गैर-लाभकारी संगठन और डायबिटीज व इसकी जटिलताओं के लिए एक प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थान है। इस अध्ययन का मकसद एशियाई भारतीयों में कॉफी या चाय में टेबल शुगर (सुक्रोज) को आर्टिफिशियल स्वीटनर सुक्रालोज से बदलने के प्रभाव का पता लगाना है। इसके लिए आरसीटी (रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल) में 179 भारतीयों की 12 सप्ताह के लिए टी2डी की जांच की गई।

ई-स्कूटर रेंज पर आईवूमी के बेहद खास ऑफर पेश किए

नई दिल्ली, अगस्त : अव्वल ई-स्कूटर कम्पनी आईवूमी अपने ग्राहकों के लिए स्वतंत्रता दिवस और राखी के उपलक्ष्य में विशेष ऑफरों की घोषणा की है और काफी उत्साहित है। त्यौहारी सीजन में खुशियां बांटने के लिए आईवूमी ने जीतएक्स जैडई पर सीधे 10 हजार की छूट दी है और ई-स्कूटर की अन्य रेंज में भी मुफ्त एक्सेसरीज दे रही है। यह एक्सक्लुसिव ऑफर 11 अगस्त से 20 अगस्त तक है। ग्राहक आईवूमी के मेरठ, बीकानेर, नागौर, मकराना, तिरुवन्नामलाई, त्रिची, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना और राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा आदि शहरों में मौजूद डीलरशिप से इस विशेष ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। पूरे भारत के आईवूमी डीलरशिप का पता जानने के लिए आईवूमी की वेबसाइट आईवूमी एनर्जी पर डीलर लोकेटर दिया गया है।

क्लिंक ऑडियो ने वॉयसबड्स उपलब्ध होने की घोषणा की

नई दिल्ली, अगस्त : क्लिंक ऑडियो ने आमेजन पर अपना लेटेस्ट इनोवेशन वॉयसबड्स उपलब्ध होने की घोषणा की है। टीडब्ल्यूएस - वॉयसबड्स की कीमत 2999 रुपये है। तो यदि आप इस त्यौहारी सीजन में लाजवाब ऑडियो परफॉर्मेंस का तोहफा देना चाहते हैं तो इससे बेहतर आप्शन नहीं मिलेगा। क्लिंक ऑडियो के वॉयसबड्स आम ईयरबड्स नहीं हैं। इनमें 6 माइक और एआई से बेहतर नॉइज कैंसलेशन की तकनीक है। चारों ओर शोर हो फिर भी ये क्रिस्टल-क्लियर कॉल का आनंद देंगे। साल के इस खास सीजन में अपनों से अपनापन दिखाने का यह बहुत सही उपहार है। वॉयसबड्स की खासियत इनमें एआई विंड नॉइज कैंसलेशन और एन्हांस्ड एएनसी होना है, यानी क्रिस्टल क्लियर कॉल और बिना किसी बाधा म्युजिक का मजा मिलने की गारंटी है। इसलिए यह सफर में और भीड़ भरी जगह में बहुत उपयोगी है।

डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी मैक्स अस्पताल मेडिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली, अगस्त : मैक्स अस्पताल शालीमार बाग ने डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी की चिकित्सा ऑन्कोलॉजी के निदेशक के रूप में नियुक्ति की घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। डॉ. चौधरी अस्पताल में चिकित्सा ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता रखते हैं। 17 + वर्षों के विशिष्ट कार्यकाल के साथ, डॉ. चौधरी ने कैंसर के निदान और उपचार में खुद को एक प्रमुख विशेषज्ञ के रूप में स्थापित किया है। मैक्स अस्पताल शालीमार बाग में अपनी नई भूमिका में, डॉ. चौधरी अस्पताल की ऑन्कोलॉजी सेवाओं को बढ़ाने, कैंसर रोगियों को व्यापक देखभाल प्रदान करने और कैंसर के उपचार और अनुसंधान में प्रगति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी ने कहा, कैंसर की देखभाल एक मैराथन है, दौड़ नहीं। रोगी के जीवन की गुणवत्ता के साथ आक्रामक उपचार को संतुलित करते हुए इसके लिए एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

वस्त्र उद्योग के लिए फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी ई-लर्निंग कोर्स लॉन्च हुआ

नोएडा, अगस्त : अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने ब्लूसाइन के सहयोग से फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी ई-लर्निंग कोर्स लॉन्च किया। यह समापन कार्यक्रम, जो तिरुप्पुर से शुरू हुआ था, भारत के परिधान और कपड़ा क्षेत्र में स्थायी और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है। यह समारोह नोएडा के रेडिसन ब्लू एमबीडी होटल में आयोजित किया गया। भारत का वस्त्र और परिधान उद्योग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है, जो जीडीपी के लगभग 2 फीसदी और विनिर्माण उत्पादन के 18 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। यह क्षेत्र सीधे तौर पर 45 मिलियन लोगों को रोजगार देता है और संबंधित उद्योगों में 60 मिलियन से ज्यादा लोगों को समर्थन देता है। विश्व के 5वें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में, भारत की भूमिका इस क्षेत्र में सतत विकास की आवश्यकता को उजागर करती है।

आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की पदयात्रा स्थगित

दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की बुधवार को होने वाली पदयात्रा स्थगित कर दी है और इसे अब 16 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। दरअसल दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सुरक्षा कारणों के चलते आम आदमी पार्टी (आप) को यात्रा कार्यक्रम स्थगित करने का परामर्श दिया था जिसे पार्टी ने स्वीकार कर लिया। आप नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें दिल्ली पुलिस की सलाह सही लगी। उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया की पदयात्रा आज शाम पांच बजे शुरू होनी थी। दिल्ली पुलिस ने सुझाव दिया कि हम स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या होने के कारण सुरक्षा कारणों से इसे स्थगित कर दें। हमें उनकी सलाह सही लगी और हमने इसे 16 अगस्त के लिए स्थगित करने का फैसला किया। हम इस अवसर पर कोई टकराव नहीं चाहते। भारद्वाज ने कहा कि शायद कुदरत की यही योजना है कि पदयात्रा अब 16 अगस्त से शुरू हो क्योंकि इसी दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन भी है। उन्होंने कहा, हिंदी कैलेंडर के अनुसार उनका जन्मदिन जन्माष्टमी के दिन है लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जन्मदिन 16 अगस्त को है। जो होता है अच्छे के लिए होता है। शायद यही कुदरत की योजना है कि पदयात्रा केजरीवाल के जन्मदिन पर शुरू हो। भारद्वाज ने कहा कि पदयात्रा दिल्ली के सभी इलाकों से होकर गुजरेगी।

रूस की राजधानी मास्को 'बिग सिटीज इन मास्को' फोटो प्रदर्शनी की मेजबानी कर रहा

फोटो प्रदर्शनी में भाग लेंगे दुनियां भर के नामी फोटोग्राफर

नई दिल्ली, अगस्त : रूस की राजधानी मास्को 'बिग सिटीज इन मास्को' फोटो प्रदर्शनी की मेजबानी कर रहा है, जिसमें ब्रिक्स देशों के प्रसिद्ध फोटोग्राफरों के साथ-साथ वीडियो आर्ट प्रतियोगिता वाओ मास्को भी शामिल है, जिसके विजेता को शहर के बारे में एक लघु फिल्म बनाने का मौका मिलेगा। ये दोनों कार्यक्रम मास्को में 1 अगस्त से 8 सितंबर तक चलने वाले बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव-फोरम 'भविष्य का क्षेत्र-मास्को 2030' के हिस्से के रूप में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय प्रतिनिधि शंथ कुमार ने बताया कि फोटो प्रदर्शनी में 14 विश्व प्रसिद्ध फोटोग्राफी मास्टर हिस्सा लेंगे - टॉम लिस्बोआ, लियू शियाओक्सिया, लेटिसिया लैम्पर्ट, अलेक्जेंडर पेट्रोस्यान और ब्राजील, भारत, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के अन्य लेखक। यह प्रदर्शनी 8 अगस्त को जार्याद्ये पार्क के 'अंडरग्राउंड म्यूज़ियम' में खुलेगी, जो सभी आगंतुकों के लिए सुलभ होगी और मास्को के नौ अन्य स्थानों को कवर करेगी, जिनमें से प्रत्येक में एक प्रतिभागी के काम की मेजबानी की जाएगी।

दिल्ली हवाई अड्डे पर तंजानिया के नागरिक के शरीर में पाए गए कोकीन भरे 63 कैप्सूल, गिरफ्तार

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तंजानिया के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो अपने शरीर में कथित तौर पर कोकीन से भरे 63 कैप्सूल छिपा कर ले जा रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। व्यक्ति को एक अगस्त को दार एस सलाम (तंजानिया) से अदीस अबाबा और दोहा होते हुए दिल्ली पहुंचने पर पकड़ा गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक बयान में कहा, जांच के दौरान यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने मादक पदार्थ युक्त 63 कैप्सूल निगले हैं। इसके बाद यात्री को चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। इसमें कहा गया है, यहां अस्पताल में उसके शरीर से 63 कैप्सूल निकाले गए। जब इन कैप्सूल को काटा गया तो उनमें 998 ग्राम सफेद रंग का पाउडर मिला जिसके मादक पदार्थ होने का संदेह था और जांच में पाया गया कि वह कोकीन है। बयान में बताया गया है कि 998 ग्राम कोकीन की अनुमानित कीमत 14.97 करोड़ रुपये है। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया और मादक पादर्थ को जब्त कर लिया है।

नोएडा में पौधरोपण अभियान चलाया गया

नोएडा, अगस्त : एचसीएल टेकके कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एजेंडे को पूरा करने वाली संस्था एचसीएल फाउंडेशन ने समूह की 48वीं वर्षगांठ के मौके पर स्थानीय प्रजाति के 48,000 पौधे लगाए हैं। यह पौधरोपण अभियान नोएडा, बेंगलुरु, नागपुर, चेन्नई, मदुरै और लखनऊ जैसे देश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया गया। इस मौके पर एचसीएल टेक के कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार, विभिन्न गैर-लाभकारी संगठनों के सहयोगियों, समाज के लोगों और महिला समूहों ने इस पहल में हिस्सा लिया। कंपनी की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. निधि पुंधीर ने कहा, बड़े पैमाने पर आयोजित किए गए इस वृक्षारोपण अभियान की सफलता पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में सहयोग करने से जुड़े हमारे निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को बैच लगाकर दी शुभकामनाएं

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर= बुधवार को तहसील परिसर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अधिवक्ताओं में भी काफी जोश खरोश देखने को मिला , तहसील बार हसनपुर के अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को तिरंगे झंडे के बैज लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान ने रालोद के क्षेत्रीय महामंत्री और तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, विनीत कुमार ने पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह,ओमपाल सिंह ने आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी नासिर अली, पूर्व अध्यक्ष मेघराज सिंह ने रौटेरियन सुनील भटनागर, ओमपाल सिंह ने एल्डर कमेटी सदस्य दिनेश गुप्ता को बैज लगाकर बधाई दी । इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार और कवि मुजाहिद चौधरी ने तिरंगे की शान में काव्य पाठ किया । उन्होंने कहा *चाहे हिंदू हो या मुस्लिम सिख इसाई कुछ भी हो ।सबके घर पर ये तिरंगा यूं ही लहराता रहे।। सब दीवाने हों इसी के, सबको ये प्यारा लगे । हर कहीं मंदिर पे मस्जिद पे ये लहराता रहे। जैसे लहराता है ये संसद में अपनी शान से। ये मुजाहिद तेरे घर पर यूं ही लहराता रहे।

आजादी- आजादी का असली मतलब वही समझ सकते हैं

नई दिल्ली। आजादी- आजादी का असली मतलब वही समझ सकते हैं जिसने कभी गुलामी की हो हम सौभाग्यशाली है की हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया यू तो आजादी की लॉ 1857में ही जल चुकी थी जो मार्शल बन कर1947 में हमारे देश को आजाद कर आई लेकिन आज के इस दौर में वो युवा जिनके ऊपर ये जिम्मेदारी थी की अपने देश अपने समाज अपने राष्ट्र की आशाओं को बांधे रखने की वही युवा अब 4 बाए 4 इंच की छोटी सी स्क्रीन पर अपने कोमल उंगलियो के घर्षण बाल से अपने भावनाओ की इमोजी भेज रहा 4 बोटल रोज का काम मेरा रोज का भारत का भविष्य खराब कर रखा है हम ना एक ऐसे समाज में जीते है जहा लड़को से बात करते देख जो भाई हरकतें है वही भाई अपनी गर्लफ्रेंड के किस्से घर में हस हस '१ सुनाते हैं और मैं बता दू की महिला सुरक्षा के मामले में हम आज भी चौथे नंबर पर आते है हम ना एक ऐसे समाज में जीते है जहा पत्थर की मूरत को लगते है 56भोग और भूखे नंगे तरपते सोते है लोग मजदूर को मजदूर समज्ये मजबूर नही गरीब को काम दीजिए दान नही और अगर दान देने के इच्छुक है तो जीते जी रक्त दान और मरने के बाद अंग दान दीजिए यही सच्ची देश भक्ति है और यही सच्चा राष्ट्र प्रेम है।मेरे विचार में राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब इस देश में महिलाओं की पूजा नही महिलाओं की इज्जत की जाएगी राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब सिर्फ सरकार नही बल्कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति हर नागरिक मेरा स्वच्छ भारत मेरा स्वच्छ भारत सिर्फ कहेगा नही बल्कि उसे दिल से अपनाएगा राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब हम जाती का द्रख्त नही बल्कि सामाजिक शक्तिकरण पर बात करेंगे क्योंकि हमारे देश की जिम्मेदारी नही है हमे आगे ले जाना ये हमारी जिम्मेदारी है की हम अपने देश को आगे ले जाए। अंत मैं थी कहूंगी कि मेरा भारत महान था महान है महान रहेगा और ये सिर्फ भारत ही नही सारा जहां कहेगा।

भाकियू शंकर ने पीएनबी बैंक हसनपुर पर किया प्रदर्शन, पुलिस पर भी लगाया लापरवाही का आरोप

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर= भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के कार्यकताओं ने बुधवार को हसनपुर स्थित पीएनबी बैंक शाखा पर धरना-प्रदर्शन करते हुए बैंक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। दरअसल भाकियू शंकर के प्रदेश महासचिव धीरज सिंह के साथ साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक खाते से कई बार में 57,606 रुपये निकाल लिए थे, जिसकी सूचना उन्होंने बैंक प्रबंधन को दी और अपना खाता बंद करने को कहा लेकिन बैंक प्रबंधन ने लापरवाही करते हुए उनके बैंक खाते को बंद नहीं किया जिस कारण उनके साथ ये ठगी हो गई। इस दौरान भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि उक्त प्रकरण को लेकर हसनपुर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर ने भी आश्वाशन दिया है कि एक सप्ताह के अंदर पीड़ित व्यक्ति का पैसा लौटा दिया जाएगा । साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगर 23-8-2024 तक पीड़ित व्यक्ति का पैसा वापस नहीं लौटाया गया तो संगठन बैंक प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना-प्रदर्शन करेगा, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी बैंक प्रबंधक की होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि भाकियू शंकर के द्वारा 17-8-2024 दिन शनिवार को 'एक कांवड़ देश के नाम, यात्रा निकाली जाएगी, जो गंगा धाम तिगरी से गंगाजल लेकर शुरू की जाएगी ओर जमापुर स्थित स्वामी निकेतन आश्रम पर जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से चौधरी धर्मवीर सिंह, सतपाल गुर्जर, राकेश रतनपुर, नेमपाल सिंह, धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, हरि सिंह, देवेंद्र सैनी, हरि सिंह प्रधान, दीपक गुर्जर,डॉ योगेंद्र सिंह, सोनू गुर्जर, नेतराम सैनी, कैप्टन वीर सिंह, सरजीत चौहान, सुनील कुमार, उमेश, हरि सैनी प्रधान जी, वीरेंद्र, सीताराम,राजू चौहान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अमृतसर

सार संक्षेप

बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में श्री दुर्ग्याना कमेटी का रोष मार्च आज

श्री दुर्ग्याना मंदिर के कार्यालय में हुई बैठक में उपस्थित प्रधान लक्ष्मीकांत आचार्य महासचिव अरुण खन्ना व अन्य हिंदू संगठनों के नेता।

अमृतसर : श्री दुर्ग्याना कमेटी के तत्वाधान में मंदिर कमेटी के कार्यालय में समस्त हिंदू संगठनों की बैठक हुई जिसमें बंगलादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के प्रति भारी रोष प्रकट किया। बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ कि 14 अगस्त बुधवार को श्री दुर्ग्याना तीर्थ से रोष मार्च निकाला जाएगा। सभी हिंदू संगठनों से अपील की कि वह बंगलादेश में रह रहे हिंदुओं के समर्थन में इस मार्च में बढ़-चढ़कर भाग ले। इस अवसर पर कमेटी की प्रधान लक्ष्मी कांता चावला, महासचिव अरुण खन्ना, उपाध्यक्ष सुधीर श्रोधर, प्यारे लाल सेठ, राकेश शर्मा, विधु पूरी, एडवोकेट अशोक अरोड़ा, राजेश बंटू, माला चावला, नरेश शर्मा, हर्ष खन्ना, स्वामी कृष्णा नंद, जुगल चावला, दीपक राय मेहरा के साथ शहर के सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधि शामिल थे।

विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों में पौधे लगाने की प्रक्रिया शुरू की

श्री दरबार साहिब के रास्तों पर पौधे लगाते प्रताप सिंह व अन्य।

अमृतसर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पर्यावरण के रखरखाव के मद्देनजर विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों में पौधे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तदनुसार, बाबा कश्मीर सिंह कार सेवा भूरी के सहयोग से श्री दरबार साहिब और गुरुद्वारा शहीदगंज बाबा दीप सिंह जी की ओर जाने वाली सड़कों पर पौधे लगाए गए। शिरोमणि कमेटी के सदस्य हरजाप सिंह सुल्तानविंड, सचिव प्रताप सिंह, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, प्रबंधक श्री दरबार साहिब भगवंत सिंह धंगेरा, बाबा सुखविंदर सिंह भूरीवाले और मैनेजर हरप्रीत सिंह ने गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब में पौधे लगाने की शुरूआत की। इस मौके पर बाबा कश्मीर सिंह भूरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज श्री दरबार साहिब और गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब की ओर जाने वाली सड़कों पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने संगत से अधिक से अधिक पौधे लगाने की भी अपील की।

श्वेता ठाकुर का प्रदर्शन रहा सर्वोत्तम, यूनिवर्सिटी मैरिट लिस्ट में आई प्रथम

श्वेता ठाकुर को शुभकामनाएं देते प्रिंसीपल डा. अमरदीप गुप्ता।

अमृतसर : डीएवी कालेज अमृतसर के इतिहास विभाग की छात्रा श्वता ठाकुर ने 1600 में से 1348 अंक लेकर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की परीक्षाओ में एमए हिस्ट्री के चौथे सेमेस्टर में पहला स्थान हासिल किया है। यह जानकारी प्रिंसीपल डा. अमरदीप गुप्ता ने दी। कालेज पहुंचने पर प्रिंसीपल डा. अमरदीप गुप्ता और विभाग मुखी डा. बाबुषा मेंगी ने श्वेता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। डा. अमरदीप ने बताया कि श्वेता कालेज की पुरानी स्टूडैंट है। वह शुरू से ही मेहनती छात्रा रही है। कालेज का इतिहास विभाग छात्रों को यूनिवर्सिटी एग्जाम और अन्य कंपटीशन के लिए खूब तैयारी करवा रहा है। समय-समय पर विभाग द्वारा छात्रों के लिए ऐतिहासिक स्थलों और इमारतों का भ्रमण भी करवाया जाता है, जिससे स्टूडैंट्स की जानकारी में खूब इजाफा होता है। श्वेता ने अपनी सफलता का सारा श्रेय प्रिंसीपल डा. अमरदीप गुप्ता और इतिहास विभाग को दिया है। उसने कहा कि इतिहास का पीजी विभाग बेहतरीन और आधुनिक सुविधाओं से लैस है। स्टाफ की मेहनत और दिशा निर्देश के कारण ही वह इस परीक्षा को इतने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर पाई। इस अवसर पर प्रो. मोहित मेहरा, प्रो. मुनीष सिंह, प्रो. भारती नंदा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को किया पुरस्कृत

विद्यार्थी आनंद रूप सिंह को सम्मानित करते हुए प्राचार्य अनुरीत बावा व अन्य।

दविंदरपाल, पट्टी : चीफ खालसा दीवान कमेटी के अध्यक्ष इंद्रबीर सिंह निज्जर के कुशल मार्गदर्शन में चल रहे क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान श्री गुरु हरकृष्ण सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, झब्बल के तीसरी कक्षा के छात्र आनंद रूप सिंह ने छठा ओपन क्रिकेट टूनामेंट और धन धन बाबा चुप्प शाह जी की याद में आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। नौ साल का यह छात्र एक बड़े खेल के मैदान में दौड़ा और एक सांस में दस चक्कर पूरे किए। वहां उपस्थित महानुभावों द्वारा बच्चे को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समूह प्रबंधन एवं विद्यालय की प्राचार्या अनुरीत बावा ने बच्चे को इस अद्भुत सफलता के लिए बधाई दी एवं बच्चे का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से बचने के लिए अधिक से अधिक खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलों के माध्यम से हम शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित हो सकते हैं, वे बच्चे को भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की फुल ड्रैस रिहर्सल आयोजित की

डिप्टी कमिश्नर ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली, 15 अगस्त को कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह झंडा फहराएंगे

घनशाम थोरी डिप्टी कमिश्नर अमृतसर गुरुनानक स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस फुल ड्रैस समारोह के दौरान तिरंगा फहराते हुए साथ में डीसीपी सतबीर सिंह अटवाल।

अमृतसर, अगस्त : जिला स्तर पर मनाए जा रहे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्र म की फुल ड्रैस रिहर्सल गुरु नानक स्टेडियम अमृतसर में आयोजित की गई, जिसका निरीक्षण करने के लिए डिप्टी कमिश्नर घनशाम थोरी विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर पंजाब पुलिस की विभिन्न टीमों, पंजाब पुलिस की महिला प्लाटून, पंजाब होम गार्ड, एनसीसी के बच्चों के पुलिस बैंड के साथ-साथ स्कूल बैंड ने परेड में भाग लिया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर घनशाम थोरी ने तिरंगा फहराने की रस्म अदा की और परेड की सलामी ली। एडीसीपी उनके साथ सतबीर सिंह अटवाल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ज्योति बाला और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जनरल परमजीत कौर, एसडीएम मनकंवल सिंह चाहल और लाल विश्वास, सहायक कमिश्नर गुरसिमरन कौर भी मौजूद थे। परेड कमांडर मनिंदर पाल सिंह के नेतृत्व में युवाओं और बच्चों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा पी.टी. शो, कोरियोग्राफी, गिद्दा और भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। डिप्टी कमिश्नर घनशाम थोरी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां समारोह में मुख्य मेहमान के तौर पर पहुंच रहे हैं और वह इस दिन स्टेडियम में तिरंगा फहराने की रस्म अदा करेंगे। उन्होंने जिलेवासियों को इस कार्यक्र म में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय त्योहार है, सिर्फ बच्चों या सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं। इसलिए हम सभी को मिलजुल कर इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सैकेंडरी हरभगवंत सिंह, उप जिला अधिकारी सी.एस.एस. बलराज सिंह ढिल्लों, आशु विशाल जिला खेल समन्वयक, डीडीपीओ संदीप मल्होत्रा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

चीफ खालसा दीवान ने हरा भरा सावन मनाया

चीफ खालसा दीवान ने हरा भरा सावन मनाया

अमृतसर, अगस्त : चीफ खालसा दीवान द्वारा वर्षा ऋतु की समाप्ति के उपलक्ष्य में पर्यावरण को समर्पित एक कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग कालेज में किया गया। डा. सुखविंदर सिंह वालिया खालसा दीवान इंटरनैशनल नर्सिंग कालेज की चेयरमेन और प्रिंसीपल यशप्रीत कौर के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर डा. श्री गुरुरामदास कालेज ऑफ नर्सिंग, अमृतसर की प्रिंसीपल मनप्रीत कौर ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्र म की शुरु आत डा. मनप्रीत कौर और डा. यशप्रीत कौर ने कालेज के सभी स्टाफ के साथ मिलकर टाहली, नीम, आम, जामन और धरेक आदिपंजाब के पारंपरिक पेड़ लगाए। प्रो. स्वागत भाषण में बोलते यशप्रीत कौर ने कहा कि 6 ऋतुओं का आनंद लेने वाले खूबसूरत देश पंजाब से लुप्त होते पेड़, घटता जल स्तर और प्रदूषित वातावरण हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके अलावा उन्होंने पंजाबी भाषा के बारे में बात करते हुए कहा कि भाषा किसी भी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की पहचान होती है और हमें पंजाबी बोलने, लिखने और पढ़ने में गर्व महसूस करना चाहिए।

डा. मनप्रीत कौर जी ने पंजाब के पर्यावरण के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि हम आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करने, प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लें तो हम पर्यावरण को अधिक प्रदूषित होने से रोक सकते हैं। इसके बाद छात्रों द्वारा पंजाब की विरासत पर आधारित लोक नृत्य गिद्धा और भंगड़ा प्रस्तुत किया गया। विरासत विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके माध्यम से छात्रों ने प्राचीन विरासत के साथ-साथ वर्तमान समस्याओं और व्यावहारिक समाधानों को भी दिखाया। वाइस प्रिंसीपल हरलीन कौर ने सभी मेहमानों और छात्रों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. जश्नदीप कौर, प्रो. मनविंदर कौर, प्रो. सुरिंदर कौर, संदीप कौर और हरलीन कौर और समस्त स्टाफ उपस्थित था।

सार संक्षेप

पत्रकार राजेश शर्मा चंडीगढ़ पंजाब जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बने जिला प्रधान

चंडीगढ़ पंजाब जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान जसबीर सिंह पट्टी पत्रकारा राजेश शर्मा को जिला प्रधान नियुक्त करते हुए साथ पत्रकार भाईचारे के लोग।

अमृतसर : चंडीगढ़ पंजाब जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक आपातकालीन बैठक पंजाब प्रधान जसबीर सिंह पट्टी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 2 महत्वपूर्ण नियुक्तियां हुई, जिसमें जिला (शहरी) प्रधान पत्रकार राजेश शर्मा और पत्रकार जतिंदर सिंह रिंकू को छेहर्टा और अटारी तहसील क्षेत्र का प्रधान नियुक्त किया गया। एसोसिएशन के प्रवक्ता गुरमीत सिंह संधू ने बताया कि एसोसिएशन लंबे समय से पत्रकारों की मांगों पर काम कर रही है और भविष्य में पत्रकारों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान को एक मांग पत्र भी दिया है और जिन पत्रकारों के पास अपना मकान नहीं है, उन्हें मकान उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर महिला विंग विंग की प्रधान ममता देवगण, मजीठा से पृथ्वीपाल सिंह, सिमरन राजपूत, खुशबू शर्मा, दर्शन सिंह चीचा, सतबीर सिंह भील (अटारी), मलकियत सिंह, एडवोकेट राहुल पुंज, हरदेव प्रिंस, कुलबीर सिंह ढिल्लों, कंवलजीत सिंह, जसपाल सिंह आजाद, किरपाल सिंह , प्रीतम सिंह, गुरजंट सिंह, जय राम सिंह, मेजर सिंह, अश्वनी पराशर, संदीप अरोड़ा, नरिंदरजीत सिंह, राजन कुमार, सन्नी गिल, दलजीत सिंह, अमरजीत सिंह, रणजीत सिंह और अन्य पत्रकार मौजूद थे।

अमृतसर देहाती पुलिस ने नशीले पदार्थों को नष्ट किया

नशीले पदार्थों को नष्ट करते अमृतसर देहाती पुलिस की टीम।

अमृतसर, अगस्त : सीमावर्ती पुलिस जिला अमृतसर में मंगलवार को नशीले पदार्थों को नष्ट किया है। एसएसपी अमृतसर देहाती चरणजीत सिंह के अनुसार अमृतसर देहाती पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिन मामलों की अदालत में सुनवाई हो चुकी है। उनके केस में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया है। इसके लिए एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में एसपीडी हरिंदर सिंह गिल, डीएसपी नारकोटिक तेजिंदर पाल सिंह और कमेटी के अध्यक्ष वह खुद है। खन्ना पेपर मिल की भट्ठी में नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया है कुल 34 मामलों में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया जिसमें 18 किलो 50 ग्राम हैरोइन, 475 नशीली गोलियां, 4800 नशीले कैप्सूल, 500 इंजैक्शन, 470 ग्राम चूरा-पोस्त, 450 ग्राम आइस ड्रग्स को नष्ट किया गया है।

अमृतसर के गुरु नानक स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस को लेकर की गई फुल ड्रैस रिहर्सल दौरान स्कूली बच्चें देशभक्ति गीत पेश करते हुए। (सर्बजीत/विराज)

अमृतसर के गुरु नानक स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस को लेकर की गई फुल ड्रैस रिहर्सल दौरान स्कूली बैंड के साथ विद्यार्थी। (सर्बजीत/विराज)

तमजारा नाइट क्लब में टकराए जा रहे थे जाम, पुलिस ने दर्ज किया केस

अमृतसर : पुलिस कमिश्नर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में पुलिस द्वारा लगातार शहर में अवैध धंधों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। रंजीत एवेन्यू और सिविल लाइन के इलाकों में बिना लाइसैंस चल रहे हुक्का और बीयर बार पर लगातार छापा मारी की जा रही है। थाना सिविल लाइन की पुलिस ने माल रोड पर चल रहे एक नाइट क्लब में छापा मारी की है इस दौरान वहां पर अवैध तौर पर शराब पिलाने का मामला सामने आया है पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद मैनेजर को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी तब जरा नाइट क्लब में बीयर बार चल रही है। इस बीयर बार में लोगों को खुलेआम शराब पड़ोसी जा रही है शराब स्टोर करने और पिलाने का कोई लाइसेंस नहीं है इस सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अमोलक दीप सिंह ने अपनी टीम के साथ छापा मारी की है। इस छापामारी के दौरान मौके पर तीन बोतल खुली हुई शराब बरामद की गई है। इसके अलावा 3 बोतल बियर बर्फ वाला जार और ट्रे बरामद की गई है थाना सिविल लाइन की पुलिस ने मौके पर मौजूद गौतम निवासी गली सिकंदर कटरा दूलो नजदीक लोहगढ़ गेट को गिरफ्तार किया है। एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पवित्र शिवलिंग का रंग–बिरंगी बर्फ से किया अलौकिक शृंगार

वर्फ व रंग बिरंगे फूलों से शिवलिंग का शृंगार करते संस्था के अध्यक्ष अरविन्द्र बड़ैच व भक्तजन।

अमृतसर : एकनूर सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री दुर्गा मंदिर, इंदिरा कालोनी, मजीठा रोड में सावन माह चलते शिवलिंग का बर्फ व रंग-बिरंगे फूलों और विभिन्न पौधों की पत्तियो से सुंदर सजावट की गई। इस अवसर पर शिव भक्तों ने शिव महिमा का गुणगान किया और मंदिर के पंडित राजिंदर प्रसाद द्वारा सभी की भलाई की कामना करते हुए आरती पूजन भी किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अरविन्द्र वड़ैच ने जानकारी के दौरान बताया कि सावन माह दौरान उनके द्वारा सदस्यों के सहयोग के साथ बाबा बर्फानी शिव शंकर भोले नाथ का रंग बिरंगी वर्फ से शिवलिंग का अलौकिक शृंगार किया गया व इससे पहले प्रथम सोमवार को फलों से, दूसरे सोमवार को फूलों से, तीसरे सोमवार को रंगोली से सजाया गया था। इस मौके पर बलबीर भसीन, सुनीत सहगल, रमेश चोपड़ा, सुशील शर्मा, राजेश सिंह जोड़ा, संदीप शर्मा, विनय अरोड़ा, नवदीप शर्मा, पंडित मोहित, राम सिंह पवार, जगदीश राज, राजिंदर शर्मा, देव, आशा देवी, अमिता शर्मा, हरिमंदर सिंह उप्पल, विपुल, जतिंदर अरोड़ा, रंजन शर्मा, धीरज मल्होत्रा, विकास भास्कर, ललित, लवलीन वड़ैच, हरीश कुमार, पवित्रजोत, राजिंदर सिंह रावत, जानवी सहित कई भक्तजन उपस्थित थे।

भगत नामदेव जी की याद में नामदेव कम्युनिटी सैंटर बनाया जाए : ज्ञानी गुरदीप सिंह

मीटिंग के दौरान अध्यक्ष ज्ञानी गुरदीप सिंह कंबोज साथ डा. संतोख सिंह कंबोज, रतन सिंह घई, कुलविंदर सिंह गांधी, गोबिंदपाल सिंह अन्य।

छेहर्टा, अगस्त : नामदेव नाम लेवा (टांक कशत्री) भाईचारा वैल्फेयर एसोसिएशन अमृतसर (रजि.) की बैठक मुख्य कार्यालय छेहर्टा गुरुद्वारा साहिब साध संगत करतार नगर (छेहर्टा) में अध्यक्ष ज्ञानी गुरदीप सिंह कंबोज की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पंजाब सरकार से मांग की कि अमृतसर में भगत नामदेव जी की याद में नामदेव कम्युनिटी सैंटर बनाया जाए और चौक (खंडवाला, छेहर्टा) जीटी रोड पर भगत नामदेव मैमोरियल गेट जिसका निगम अमृतसर मूल्यांकन आदि में पास हो गया है उसको बनाया जाए।

बैठक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 7 न्यायाधीश-आधारित अदालतें जो पिछड़े वर्गों के लिए अलग कोटा प्रदान करती हैं। सिफारिश की कि उनका स्वागत किया गया है। ज्ञानी गुरदीप सिंह कंबोज प्रधान नामदेव नामदेव (टांक कशत्री) समाज कल्याण एसोसिएट रजि. अमृतसर ने कहा कि पंजाब सरकार को ऐसा करना चाहिए, मंडल आयोग के निर्णय के अनुसार 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग पुनः आरक्षण कर दिया गया है आगामी चुनावों में यह सुनिश्चित करना कि पंचायतें, नगर पालिका परिषदें, नगर निगमों से लेकर एनजीओ, नवीस वार्डबंदी और निर्वाचन क्षेत्र तक 27 प्रतिशत आरक्षण को जब्त कर राजनीतिक रूप से सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। बैठक में अन्य लोगों के अलावा डा. संतोख सिंह कंबोज, रतन सिंह घई, कुलविंदर सिंह गांधी, गोबिंदपाल सिंह, डा. हरिंदर सिंह खासा, तरसेम सिंह वट्टू, सतिंदर सिंह रतन, अमरीक सिंह कंबोज, रूपिंदरजीत सिंह धामी, गुरिंदर सिंह रतन, सतवंत सिंह घई एवं गुरप्रीत सिंह राजा आदि मौजूद रहे।

मोबाइल फोन लूटने वाला गिरफ्तार

अमृतसर, अगस्त : युवक से मोबाइल फोन लूटने वाले को थाना बी डिवीजन की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हरदयाल सिंह निवासी गली नंबर एक कपूर नगर सुल्तानविंड रोड ने पुलिस को बताया कि वह सुल्तानविंड रोड पर करियाने की दुकान करता हैं। सोमवार की शाम को वह दुकान के बाहर खड़े होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक एक्टिवा पर आया। उनका मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गया।

पुलिस को सूचित किया गया। थाना बी डिवीजन के इंस्पैक्टर रणजीत सिंह धालीवाल ने बताया है कि उनकी टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए राजन कुमार निवासी गली माई रतो भूषण पूरा को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उसके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

खुली सिगरेट बेचना और पब्लिक प्लेस में तंबाकू नोशी करना भी सजा/जुर्माना योग्य अपराध : डी.डी.एच.ओ.

अमृतसर, अगस्त : कोटपा एक्ट को सख्ती से लागू करने संबंधी सिविल सर्जन डा. सुमीत के दिशा-निर्देशों अनुसार जिला नोडल अफसर एनटीसीपी कम डीडीएचओ डा. जगनजोत कौर द्वारा एक स्पैशल टीम का गठन किया गया, जिसमें जिला एमई आई ओ अमरदीप सिंह, मैडिकल अफसर डा. तरनदीप कौर, एस.आई. परमजीत सिंह, हरजिंदर पाल सिंह, सुरजीत सिंह, रछपाल सिंह, हरप्रीत सिंह और सहायक स्टाफ शामिल थे। इस टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए शहर के अलग-अलग इलाकों में तंबाकू विक्रेताओं की जांच की गई, जिस दौरान रणजीत एवेन्यू, कोर्ट रोड और माल रोड के नजदीक के इलाकों में 14 दुकानदारों और पब्लिक प्लेस पर सिगरेट पीने वाले 6 लोगों के मौके पर चालान काटे गए और पंजाब सरकार द्वारा समूह तंबाकू विक्रेताओं को चेतावनी देते हिदायतें जारी की और मौके पर बिना माप-दंड वाले सिगरेट प्रोडक्ट को नष्ट भी किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अफसर एनटीसीपी कम डीडीएचओ डॉ. जगनजोत कौर द्वारा जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 21 जुलाई 2020 अनुसार यह जरूरी किया है कि हरेक तंबाकू प्रोडक्ट के पैकेट के दोनों तरफ एक निर्धारित मापदंड अनुसार एक निर्धारित फोटो और उस पर तंबाकू दर्दनाक मौत का कारण बनता है, इसको आज ही बंद करो, संपर्क नंबर 1800-11-2356 लिखा जाना जरूरी है। इसके साथ ही फ्रंट पर सफेद बैकग्राउंड और पिछली तरफ काले रंग की बैकग्राउंड होनी जरूरी है। उपरोक्त हिदायतें 1 दिसंबर 2020 से लागू हैं। इस लिए बिना उपरोक्त मापदंड के तंबाकू बेचना कानूनन सजा योग्य अपराध है। इस लिए अगर कोई भी तंबाकू विक्रेता बिना मापदंउ वाला तंबाकू सामान बेचता पाया गया तो उस विरूध धारा 20 तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा खुली सिगरेट बेचना और पब्लिक प्लेस पर तंबाकू नोशी करना भी सजा/जुर्माना योग्य अपराध है।

घर में रखे नौकर ने साथी समेत मिलकर की चोरी

अमृतसर, अगस्त : नरेंद्र सिंह निवासी गांव बोहलिया तहसील अजनाला जिला अमृतसर देहाती ने पुलिस को बताया कि वह दो भाई हैं। छोटे भाई का नाम भूपेंद्र सिंह है। दोनों भाई खेतों के बीच बनाए गए घर में रहते हैं। दोनों भाई पहलवान है और ज्यादातर घर से बाहर कुश्ती मेलों में रहते हैं। उसके अलावा दोनों भाई खेती बाड़ी करते हैं। इसके लिए उन्होंने हीरा सिंह को 2 साल से कम पर रखा है। 9 अगस्त की सुबह 9:00 बजे वह सारा परिवार हीरा सिंह को अपने घर छोड़कर गांव के कुलदीप सिंह के घर में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग पर चले गए। जब वापस लौटे तो देखा हीरा सिंह उनके घर में मौजूद नहीं था। काफी तलाश करने पर भी नजर नहीं आया।

ਦਫ਼ਤਰ ਨਗਰ ਸੁਧਾਰ ਟਰੱਸਟ, ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ।
ਇਤਰਾਜ਼ ਮੰਗਣ ਦਾ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ।
[illegible]
ਕਾਰਜ ਸਾਧਕ ਅਫਸਰ, ਨਗਰ ਸੁਧਾਰ ਟਰੱਸਟ, ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ।

संक्षिप्त समाचार

वारंटी गिरफ्तार

जालौन-उरई। कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली पुलिस वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी सूर्य प्रताप पुत्र गोविंद सिंह निवासी मड़ोरा को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये वारंटी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी है।

एक रुपये का सिक्का न लेने पर सीएचसी के पर्चा काउंटर पर विवाद

जालौन-उरई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्चा काउंटर पर कर्मचारी द्वारा एक रुपये का सिक्का न लेने एवं मरीज के तीमारदार द्वारा दूसरा सिक्का न देने से नाराज कर्मचारी पर पीड़ित ने अभद्रता का आरोप लगातें हुए सीएचसी प्रभारी से लिखित शिकायत की। सीएचसी प्रभारी ने तैनात कर्मचारी को सिक्का लेने के लिए निर्देशित किया। नगर क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी सुनील कुमार ने सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अपने मरीज को दिखाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। अस्पताल पहुंचकर उसने पर्चा काउंटर पर एक रुपये का सिक्का देकर जब पर्चा बनाने के लिए कहा तो वहां तैनात कर्मचारी ने एक रुपये का सिक्का लेने से इंकार करते हुए कहा कि बाजार में एक रुपये का सिक्का चलता नहीं है इसलिए वह भी नहीं लेगा। जब उसने बताया कि भारत सरकार का यह सिक्का सभी जगह चल रहा है फिर वह क्यों लेने से इंकार कर रहे हैं। इस बात से नाराज होकर उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर सीएचसी प्रभारी ने पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मचारी से सिक्का लेने से इंकार न करने के लिए निर्देशित किया।

बकायादारों के विरुद्ध बिजली विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया

जालौन-उरई। समय से बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान बिजली विभाग के बकाएदार 17 लोगों के कनेक्शन काट दिए गए। बिल जमा करने से पूर्व चोरी से कनेक्शन जो?ने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की भी चेतावनी दी है। बिजली विभाग ने समय से बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया है। एसडीओ रामसुधार के नेतृत्व में मोहल्ला फर्दनवीस व नया भवानीराम में चलाए गए अभियान में बिजली विभाग के महीनों से बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। जिनमें नरेश, मंगली प्रसाद, रामजानकी, तारादेवी, शैलेंद्र कुमार, जुगल किशोर, विवेक, सरस्वती समेत 17 लोगों के कनेक्शन काटे गए। साथ ही कनेक्शन धारकों को चेतावनी दी गई कि बिजली बिल जमा होने के बाद ही कनेक्शन को जुड़वाएं। बिना बिल जमा किए चोरी से कनेक्शन जोड़ने पर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। एसडीओ ने बताया कि अभियान के दौरान 17 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि परेशानी से बचने के लिए समय से बिल जमा कराएं।

राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला

जालौन-उरई। सहाव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन वाचर व डायल 112 की टीम ने मृत मोर को कब्जे में लेकर पशु अस्पताल में उसका पोस्टमॉर्टम कराया और मृत मोर का अंतिम संस्कार कर दिया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक ग्राम सहाव के पास मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। वहां से निकल रहे सहाव गांव के ग्रामीण प्रशांत कुमार ने इसकी जानकारी वन रेंज अधिकारी को मोबाइल फोन पर दी। जिस पर उन्होंने तत्काल वन वाचर महेश प्रसाद को मौके पर भेजा। सूचना पर डायल 112 के कर्मी कमलेश कुमार, अखिलेश व रामकुमार भी पहुंच गए। उन्होंने मृत मोर का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद मृत मोर का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

डीएम व एसपी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय पुलिस लाइन परिसर से जिला परिषद, अंबेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा था, और भारत माता की जय,वंदे मातरम् के नारे लगाए गए।

इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दूस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से सराबोर हो गया था। जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में ब?ी संख्या में पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, एनसीसी कैडिट, स्काउड गाइड के जवान, सफाई कर्मचारी, आंगनबा?ी कार्यकत्रियों सहित समाज के सभी वर्गो के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज से लेकर 15 अगस्त तक विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन, पुलिस व स्वयंसेवी संगठनों आदि द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, इसी के तहत आज विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को स्वतंत्रता अपने देश को कैसे मिली उसको लेकर आत्मसात कराया गया। उन्होंने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो, साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों को न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई उनके बलिदानों को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत समस्त जनपदवासी अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, होमगार्ड कमांडेंट राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी स्वयंसेवी मौजूद रहे।

कुठौंदा बुजुर्ग में मकान गिरने से पति व पत्नी घायल

■ जालौन-उरई

प्रतिदिन हो रही बारिश के चलते कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला लगातार चल रहा है। सोमवार की रात को ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में मकान गिरने से उसमें सो रहे पति पत्नी घायल हो गये थे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दम्पति को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया जहां उपचार चल रहा है।

बारिश निर्धन लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। प्रतिदिन हो रही बारिश के कारण कच्चे मकानों में नमी आ रही है। नमी आने के कारण कच्चे मकानों का गिरने का सिलसिला लगातार चल रहा है। सोमवार की रात करीब 9 बजे रामसेवक 40 वर्ष पुत्र धूराम अपनी पत्नी हेमलता के साथ कमरे में सो रहे थे। रात में अचानक कच्चे मकान की खपरेल भरभरा गिर गयी। खपरेल के मलवे व दीवार की मिट्टी गिरने से दम्पति उसमें दब गया था। दबने के कारण दम्पति घायल हो गया। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों एकत्रित हो गये तथा घायल अवस्था में पति पत्नी को निकाला तथा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडीकल कालेज उरई के लिए रिफर कर दिया है जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। मकान में दबकर दम्पति के घायल होने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने गांव में लेखपाल को भेजकर मकान गिरने से हुई क्षति का जायजा लेने की रिपोर्ट मांगी है। वहीं नायब तहसीलदार गौरव कुमार को मेडिकल कॉलेज उरई भेजकर घायलों को उचित उपचार दिलाने व हालचाल जानने के लिए भेजा है।

क्षेत्र पंचायत-माधौगढ़ उपचुनाव की तिथियां घोषित

उरई। जिला मजिस्ट्रेट/निर्वाचन अधिकारी(प्रमुख क्षेत्र पंचायत) राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जालौन जिले की क्षेत्र पंचायत-माधौगढ़ (अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित) के लिए प्रमुख का उप-निर्वाचन किया जाना है।

मैं, राजेश कुमार पाण्डेय जिला मजिस्ट्रेट उक्त उप-निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी एतद्वारा सार्वजनिक नोटिस देता हूँ कि नाम-निर्देशन-पत्र उन को क्षेत्र पंचायत मुख्यालय (विकास खण्ड कार्यालय-माधौगढ़) में दिये जा सकते हैं, या यदि वह उसे लेने में अपरिहार्य रूप से असमर्थ हो तो क्षेत्र पंचायत मुख्यालय (विकास खण्ड कार्यालय माधौगढ़) में सहायक निर्वाचन अधिकारी (सहायक रिटर्निंग आफिसर) को दिये जा सकते हैं वे दिनॉक 20 अगस्त, 2024 को 10 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराहन तक दिये जायें। नाम-निर्देशन-पत्रों के परीक्षण का काम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय (विकास खण्ड कार्यालय माधौगढ़) में दिनाँक 20 अगस्त, 2024 को अपराह्न 3 बजे आरम्भ होगा। उम्मीदवारी की वापसी की सूचना किसी उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक या अनुमोदक द्वारा पैरा (एक) में उल्लिखित अधिकारी को दिनॉक 21 अगस्त, 2024 को 10 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक उसके कार्यालय पर दी जायेगी। यदि निर्वाचन लड़े जाने की दशा में मतदान क्षेत्र पंचायत मुख्यालय (विकास खण्ड कार्यालय-माधौगढ़) पर दिनांक 22 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 10 बजे और अपराह्न 3 बजे की बीच होगा और मतगणना अपराह्न 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगी।

ताईबाई की एवं लल्लूराम वर्मा स्मृति में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण हेतु भूमि पूजन आज

जालौन-उरई। उरई रोड पर नहर के पास स्वतंत्रता सेनानी व जालौन की शासिका ताईबाई की एवं स्वतंत्रता सेनानी लल्लूराम वर्मा स्मृति में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जााना है। जिसका भूमि पूजन दिनांक 14 अगस्त दिन बुधवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल की उपस्थिति में किया जाएगा। यह जानकारी संयोजक चंद्रशेखर वर्मा ने दी है।

दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज

■ जालौन-उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर तीन माह पूर्व महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी थी। मृतक के परिजनों द्वारा ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कराया था। कोतवाली में दर्ज मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

बीती पांच मई की रात को गुड़िया 35 पत्नी रिंकू ने विषाक्त पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत सास, ससुर व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया था। दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी व फरार चल रहे मृतक के पति रिंकू पचौरी पुत्र मिथलेश कुमार निवासी सिहारी दाउदपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेजा जा रहा है।

दो विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा 14 विद्यार्थियों को केवाईपी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया - जिला पदाधिकारी

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पाकर खुशी से झूम उठे विद्यार्थी, प्रशासन को बोला थैंक्स।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

पश्चिम चंपारण। जिला के डीएम दिनेश कुमार राय ने ब्लॉक सभाकक्ष मैनाटांड़ में दो विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा 14 विद्यार्थियों को केवाईपी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी के हाथों स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पाकर विद्यार्थी रौशनी कुमारी एवं प्रभाकर कुमार खुशी से झूठ उठे। उन्होंने जिला पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही केवाईपी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों निधि कुमारी, अंकिता कुमारी आदि ने भी जिला पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा केवाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई तथा कैरियर पर विशेष फोकस करें। अच्छा मुकाम हासिल करें। बेहतर तरीके से आगे की पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, समाज, जिला और राज्य का नाम रौशन करें। रौशनी कुमारी एनआइटी पटना से बीटेक आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग कोर्स कर रही हैं। वहीं प्रभाकर कुमार एसएनएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी मोतिहारी से बी फार्मा कोर्स कर रहे हैं।

इनके समुचित पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री के 7 निश्चय योजनान्तर्गत संचालित स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत क्रमशः चार लाख तथा तीन लाख अट्ठारह हजार पांच सौ रूपया का शिक्षा ऋण स्वीकृत की गयी है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, प्रबंधक, डीआरसीसी, प्रेम प्रकाश दिवाकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गौशाला की बार-बार आ रही शिकायतों पर एसडीएम ने किया निरीक्षण

■ कोंच

ग्रामीणो से अन्ना गोवंशों और बदहाल गौशालाओं की लगातार मिल रहीं शिकायतों को लेकर जहां किसान परेशान हैं वहीं अधिकारी भी हलकान हैं। नदीगांव विकास खंड के ग्राम पचीपुरा खुर्द के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम से गांव की गौशाला की बदहाली और गायों के छुट्टा घूमने की शिकायत की थी जिस पर एसडीएम ज्योति सिंह ने गंभीरता से संज्ञान लेकर पचीपुरा खुर्द पहुंच कर गौशाला देखी। वहां व्याप्त बदइंतजामों को लेकर उन्होंने प्रधान व विभागीय अधिकारियों को लंबा किया। बाहर टहलबाजी कर रहीं गायों को गौशाला के अंदर कराया।

गौरतलब है कि सोमवार को ग्राम पचीपुरा खुर्द के दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम के यहां गौशाला की खराब हालत व गौशाला की गायों को बाहर छोड़ने की शिकायत की थी। एसडीएम ज्योति सिंह ने इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मौके पर जाकर गौशाला देखी जिसमें की गई शिकायतें कमी बेसी के साथ उन्हें दिखाई दीं। उन्होंने बाहर घूम रहे मवेशियों को गोशाला के अंदर कराया और ग्राम प्रधान से कहा कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए जिसके लिए गौशाला की गायों को कम कम संख्या में किसानों की फसलों दूर ले जाकर चरायें ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि गोशाला में तैनात तीन केयरटेकर क्रम से अपनी ड्यूटी करेंगे, गौशाला छोड़कर नहीं जाएंगे। उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव को कड़े निर्देश दिए कि गौशाला पर नजर रखें, किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अगर उनकी बदइंतजामी के कारण किसानों को परेशान होना पड़ा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी कहा कि पालतू गायों को न छोड़ें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना बेतिया बीजेपी के द्वारा।

आज भी भारतीयों की पीड़ा को याद करता है विभाजन के कई परिवार।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

बेतिया। भारतीय जनता पार्टी बेतिया कार्यालय में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा राजेश वर्मा ने बताया कि यह दिन विभाजन के दौरान कई भारतीयों की पीड़ा को याद करता है विभाजन में कई परिवार विस्थापित हुए और कई लोगों ने अपनी जान गवाई। वहीं बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री रेणु देवी ने बतायी कि 14 अगस्त 1947 को यह विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को मनाया जाने वाला एक वार्षिक राष्ट्रीय स्मृति दिवस है जो भारत विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों और पीडाओं को याद करता है। जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने बताया कि इसे पहली बार 2021 में प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद मनाया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन रवि सिंह ने की। इस कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थित विधायक उमाकांत सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आंनद सिंह, प्रतीक एडवीन शर्मा मनोज सिंह, विभय रंजन चौबे, राजु ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सहाय उर्फ गाँधीबाबा, पवन वर्मा, सीमा मधोगढिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक यादव, धर्मेद्र सिंह, अभिषेक सराफ, आशीष गुप्ता, राकेश पटेल, राजेश जायसवाल, पंकज वर्मा, मंकेश्वर दूबे, अमित कुमार, रामेश्वर सराफ इत्यादि बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन

■ कानपुर

पड़ोसी देश बंगलादेश मे विगत कई दिनो से हिन्दुओं के खिलाफ जारी हिंसा के विरोध मे मंगलवार को शहर में कई हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किये।चावला मार्केट चौराहा पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं हिन्दू जागरण समिति के बैनर तले उक्त संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन गोबिन्द नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा को सौपा एवं इसमें प्रधानमंत्री जी से उचित कार्यवाही करने की मांग की।

चावला मार्केट चौराहे पर धरना प्रदर्शन के दौरान हिन्दुओं का अपमान नही सहेगा हिन्दूस्तान, देश की जनता करे पुकार-बंद करो हिन्दुओं पर अत्याचार, जागो हिन्दू जागो तो हिन्दू जागो के गगन भेदी नारे लगाकर माहौल गरम कर दिया।ज्ञापन व सभा मे मांग की गई कि सीमा पर जो हिन्दू आने के लिए प्रतीक्षारत है उन्हें तत्काल भारत में शरण दी जाए।

प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से चंद्रकांता गेरा, आनंद जी आर्य ,सुभाष आर्य, प्रकाश वीर आर्य, रामकुमार पाठक, सुरेंद्र कुमार गेरा, अजीत सिंह छाबड़ा, अनिल त्रिपाठी, विजय ठाकुर, देवेंद्र सभरवाल, विनय सिंह, पूजा आर्या, संतोष अरोड़ा, अशोक पुरी ,डॉक्टर अभिषेक दीक्षित आदि प्रमुख रहे।

व्यापारी एवं किसानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ कोंच

एसडीएम ज्योति सिंह की अगुवाई में नवीन गल्ला मंडी परिषद में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें व्यापारी, किसान, पल्लेदार व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। झंडे वितरित करते हुए एसडीएम ने सभी का आह्वान किया कि स्वाधीनता के इस राष्ट्रीय पर्व को उल्लास के साथ मनाएं। अपने घरों पर तिरंगा लगाकर गर्वानुभूति करें और अपने पूर्वजों के बलिदान को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लें।

स्वाधीनता दिवस के मौके पर जगह जगह तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में गल्ला मंडी में मंडी सभापति/ एसडीएम ज्योति सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का मंडी परिषद कार्यालय से शुभारंभ हुआ और मंडी परिसर में भ्रमण के बाद समापन हो गया। इसके साथ ही मंडी कार्यालय में एसडीएम ने व्यापारियों, किसानों, पल्लेदारों व कर्मचारियों को तिरंगा झंडा वितरित करते हुए हर घर तिरंगा लगाने की अपील की। इस दौरान मंडी सचिव सोनू,धर्मादा अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता,मंत्री विनोद दुवे,गल्ला व्यापारी समिति के अध्यक्ष अजय रावत, मंत्री राजकुमार, बॉबी पटेल, अखिलेश बबेले, अजीम खान, गुड्डु नगाइच, वीरेंद्र, बलराम, संजय, रज्जन, अंशुल मिश्रा, हरीश तिवारी,नरेश लोहिया आदि मौजूद रहे।

मजदूर की बिजली के तार से करंट लगने से हुई मौत

■ कानपुर

मृतक सुनील सविता 52वर्ष पिता गंगा राम पनकी स्टार लिंगर में मजदूरी का काम करते थे। बीते दिन शाम तकरीबन 06 बजे काम खतम कर के ड्यूटी पनकी से गुजैनी ए ब्लॉक अपने घर लौट रहे थे जिस दौरान अचानक हुई तेज बारिश के चलते सुनील पनकी स्थित अपने किसी मिलने वाले के यहां रुक गए बारिश बंद होने के बाद वह रात तकरीबन 09 बजे वापस घर के लिए निकल कर जाने लगे जहां रास्ते में गलत तरीके से लटक रहे बिजली के तार से टकरा गये और करंट लगने से बेहोश होकर उसी जगह पर गिर पड़े जिन्हे घायल अवस्था में देख स्थानीय लोगो ने उनके परिवारिजनों को सूचना दी जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें फौरन अस्पताल उपचार के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद परिजन मृतक को अपने साथ घर गोविंदनगर थाना क्षेत्र स्थित गुजैनी ए ब्लॉक ले गए जहां पहुंचते ही जब अगल बगल वालो को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंची रतनलाल नगर पुलिस ने मामले की जानकारी ली जिसपर रतनलाल नगर पुलिस ने परिजनों को पनकी पुलिस के पास जाकर शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। इसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम हुआ।

मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरण रिजिउ ने नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस से पहले 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली में हिस्सा लिया।

मोदी ने तिरंगा लहराने को बनाया जन-जन का अभियान: यादव

● भोपाल,

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान से पूरा देश नए उत्साह और उमंग से गुजर रहा है। मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के समय से आम आदमी द्वारा तिरंगा फहराने के संबंध में विशेष छूट दिलवाई थी। इसी का परिणाम है अब तिरंगा लहराना पूरे देश में जन-जन का अभियान बन गया है।

डॉ यादव यहां भोपाल पुलिस की तिरंगा रैली का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय से तिरंगा ध्वज लहराकर तिरंगा रैली को रवाना किया। उन्होंने तिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। उन्होंने तिरंगे झंडों से सजी पुलिस की वाहन रैली को देशभक्ति गीतों के बीच झंडी दिखाई। साथ ही नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों द्वारा निकाली जा रही तिरंगा रैली को भी रवाना किया। ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, सामाजिक संगठनों के सदस्य और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाएं भी इस दिशा में सक्रिय हैं। हम सब अपने घर पर पवित्र तिरंगा लगाए और इसकी मर्यादा का भी ध्यान रखें। यही हमारी क्रांतिकारी, शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि होगी। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने परिचयात्मक उद्बोधन में बताया कि पुलिस परिवार द्वारा 'आजादी के रंग-खाकी के संग' थीम पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन जारी है।

मंगलवार को भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के एक नए शैक्षणिक भवन और लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण।

रूस के 28 गांवों पर यूक्रेन का कब्जा

यूक्रेन के सैनिकों ने रूस के 1000 वर्ग किमी इलाके पर किया कब्जा

● नई दिल्ली, एजेंसी

यूक्रेन ने रूस के 1000 वर्ग किमी से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक एक सप्ताह पहले यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। तब से यहां के करीब 28 गांवों पर कब्जा कर चुके हैं। कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों से लैस करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक 6 अगस्त को दाखिल हुए थे। इसके बाद रूस ने 8 अगस्त को ही यहां इमरजेंसी लगा दी थी।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे यूक्रेन की उकसाने वाली हरकत बताया है। उन्होंने अपने रक्षा अधिकारियों को यूक्रेनी सेना को रूसी इलाके से खदेड़ने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने सोमवार को कुर्स्क के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कुर्स्क के प्रमुख एलेक्सी स्मिरनोव ने पुतिन को बताया कि उनके इलाके में कई बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी हमले में 12 रूसी नागरिक भी मारे गए हैं। 121 लोग घायल हुए हैं। स्मिरनोव ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस में 30 किमी भीतर तक घुस चुकी है। बैठक में शामिल यूक्रेनी सैन्य प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने पुतिन से कहा कि लगभग 386 वर्ग मील (1,000 वर्ग किलोमीटर) रूसी इलाके पर यूक्रेन ने कंट्रोल कर लिया है। स्मिरनोव ने कहा कि 1.21 लाख रूसी लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। यूक्रेनी सेना के कब्जे वाले इलाकों में करीब 2,000 रूसी नागरिक अभी भी मौजूद हैं। एजेंसी के मुताबिक रूसी अधिकारियों ने प्रभावित लोगों को प्रति व्यक्ति करीब 10 हजार रुपए मुआवजे के रूप में देने का ऐलान किया है। कुर्स्क के नजदीक बसे बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन सीमा के सबसे करीब क्रास्नोयार्स्क जिले से 11000 लोग सुरक्षित जगह पर चले गए हैं। बाकी लोगों को भी ले जाया जा रहा है।पुतिन ने कहा कि यूक्रेन, रूसी इलाके पर कब्जा कर सीजफायर समझौते के लिए अपना पक्ष मजबूत करना चाहता है, लेकिन हम उन लोगों के साथ कोई समझौता नहीं करने वाले हैं। पुतिन ने यूक्रेन पर

'हमारी संप्रभुता और सामूहिक पहचान का प्रतीक है तिरंगा'

कुछ लोग भारत के विकास की तेज गति को पचा नहीं पा रहे है: धनखड़

● नई दिल्ली,



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनता से विध्वंसक ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा 'तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है- यह हमारी संप्रभुता और सामूहिक पहचान का प्रतीक है' और भारतीय पहचान को चुनौती देना हमारे अस्तित्व को चुनौती देने के समान है।

धनखड़ ने मंगलवार को भारत मंडपम से ' हर घर तिरंगा बाइक रैली' को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि कुछ लोग भारत के विकास की तेज गति को पचा नहीं पा रहे हैं। वे बाधाएं पैदा करना चाहते हैं और अस्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने तिरंगे के महत्व का उल्लेख करते हुए लोगों से विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होने और इससे प्रेरणा लेने का आग्रह किया और सभी से किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र के हित को सर्वोपरि रखने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य सभी भारतीयों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की गहरी भावना जगाना और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि 'तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है- यह हमारी संप्रभुता और सामूहिक पहचान का प्रतीक है। धनखड़ ने कहा कि भारतीय पहचान हमारे खून में है और इस पहचान को चुनौती देना हमारे अस्तित्व को चुनौती देने के समान है।

सार संक्षेप

'तेरी बातों में उलझा जिया' के सीक्वल में काम करेंगी कृति सैनन

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अपनी हिट फिल्म तेरी बातों में उलझा जिया के सीक्वल में काम करती नजर आ सकती हैं। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी वाली फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस वर्ष प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म में कृति सैनन ने रोबोट का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था। कृति सैनन फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के सीक्वल में काम करती नजर आ सकती हैं। कृति सैनन ने बताया है कि, फिल्म 'तेरी बातों में उलझा जिया का सीक्वल अभी लिखा जा रहा है। मैं और शाहिद दोनों इसके के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

तेलंगाना में कांग्रेस विधायक दानम नागेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज

हैदराबाद 13 अगस्त (वार्ता) तेलंगाना में हैदराबाद की जुबली हिल्स पुलिस ने ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (जीएचएमसी) पार्क की दीवार गिराने के आरोप में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के विधायक दानम नागेंद्र और उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जीएचएमसी प्रवर्तन सतर्कता एवं आपदा प्रबंधन (ईवीएंडडीएम) प्रभारी वी पपैया की शिकायत के आधार पर खैरताबाद विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया है कि विधायक ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर शहर के नंदीगिरी हिल्स स्थित जीएचएमसी पार्क की दीवार गिरा दी। पुलिस ने विधायक और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और सार्वजनिक संपत्ति क्षति रोकथाम (पीडीपीपी) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

एसीबी ने जिला संयुक्त कलेक्टर भूपाल रेड्डी को रिश्वत लेते पकड़ा

हैदराबाद: तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के संयुक्त कलेक्टर सहित दो लोगों को तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित तौर पर आठ लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि संयुक्त कलेक्टर एमवी भूपाल रेड्डी को तब हिरासत में लिया जब वरिष्ठ सहायक वाई मदन मोहन रेड्डी को सोमवार रात को बालापुर मंडल के जक्किदिमुथ्यम रेड्डी से आठ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

संयुक्त कलेक्टर के इशारे पर मदन मोहन रिश्वत ले रहा था। एसीबी ने बताया कि यह रिश्वत धरणी वेबसाइट पर प्रतिबंधित सूची से 14 गुंटा जमीन को हटाने के एवज में ली गयी थी। उन्होंने बताया कि रिश्वत की रकम मोहन रेड्डी की कार से बरामद की गई।

पूछताछ के दौरान, मदन मोहन रेड्डी ने कबूल किया कि उसने संयुक्त कलेक्टर एमवी भूपाल रेड्डी के लिए रिश्वत की मांग की थी। जब मदन मोहन रेड्डी ने भूपाल रेड्डी को अपने फोन पर कॉल किया और रिश्वत की रकम मिलने की जानकारी दी, तो संयुक्त कलेक्टर ने उन्हें पैसे सौंपने के लिए पेद्दाम्बरपेट ओआरआर आने का निर्देश दिया।

विभाजन की विभीषिका को स्मृति दिवस के रूप मे मनाएगी भाजपा

जयपुर: राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि 14 अगस्त को भाजपा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनायेगी। श्री राठौड़ ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि 14 अगस्त 1947 को लाखों लोग इधर से उधर हो गये, घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गयीं। यह दर्द विभाजन का था। ऐसे में भारत के लिये यह विभीषिका से कम नहीं था। इसी दर्द को याद करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का ऐलान किया था।

स्कूल छत का गिरा प्लास्टर, 5 छात्र घायल

जांजगीर-चांपा: छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम पुटपुरा में मंगलवार को स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से पांच छात्र घायल हो गये। घायल छात्राओं का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 वीं की चार छात्रा और एक छात्र घायल हुआ है। घायल छात्रा शिक्षा यादव (11) मंगलवाल अपराह्न डेढ़ बजे लंच की छुट्टी होने के बाद अपनी तीन सहेलियों के साथ बैठकर खेल रही थी। इस बीच अचानक से छत का प्लास्टर गिर गया। लगातार पानी गिरने से छत से पानी टपक रहा था। बच्चों ने बताया कि खिड़की, दरवाजे और दीवार में करंट भी आता है। प्राचार्य टीकम थवाईत ने बताया कि छत का प्लास्टर गिरने से पांच बच्चे घायल हुए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

एक महिला समेत 5 नक्सली गिरफ्तार

सुकमा: छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों को उस समय बड़ी सफलता मिली जब एक महिला समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की। छत्तीसगढ़ में नक्सल आंदोलन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने एक महिला समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों की ओर से गिरफ्तार किए गए पांच नक्सलियों में से एक नक्सली पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार पांच नक्सलियों की पहचान उईका चैतू (30), कुंजाम सुखलाल (35), पदाम हुंगा (24), महिला नक्सली उईका लखे (35) और पदाम सन्नू (35) के रुप में की है।

मधेपुरा के आलमनगर में बाढ़ ने दी दस्तक

मधेपुरा: बिहार में मधेपुरा जिले के आलमनगर इलाके के कई घरों में कोसी नदी का पानी प्रवेश कर गया है। जिले के उदकिशुनगंज अनुमंडल के आलमनगर, चौसा और फुलौत के कई इलाके जलमग्न हो गए है। दर्जनों घरों में उफनाती कोसी का पानी घुस गया है। दरअसल मधेपुरा के उदाकिशुनगंज अनुमंडल स्थित आलमनगर,चौसा और फुलौत के आधा दर्जन पंचायत के दो दर्जन से अधिक गांव में उफनाती कोसी नदी का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ से कई गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। फुलौत पूर्वी, फुलौत पश्चिमी, मोरसंडा , चिरौरी, पैना, चंदा, घसकपुर, अजगैवा, अमनी, पिहुरा बासा, करेलिया, बरबीघघी, सपनी मुसहरी, कंचननगर,शैलेश स्थान, पनदही,समेत आधे दर्जन से ज्यादा पंचायतों के दो दर्जन गांव में बाढ़ ने दस्तक दी है।

मंगलवार को नोएडा में एनएसटीआई में एआई प्रोग्रामिंग सहायक कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय और माइक्रोसॉफ्ट के बीच समझौता ज्ञापन के गवाह बने कौशल विकास और उद्यमिता और शिक्षा राज्य मंत्री, जयंत चौधरी।

बंगाल में कानून की हालत चिंताजनक : भूपेंद्र यादव

● अलवर,

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत ज्यादा चिंताजनक है।

यादव ने मंगलवार को अलवर में जगन्नाथ मंदिर से तिरंगा यात्रा निकासी के अवसर पर पत्रकारों से कहा कि पश्चिम बंगाल में डॉक्टर से दुष्कर्म की घटना बहुत दर्दनाक है। कुछ विषयों पर ममता बनर्जी का शासन पूरी तरह विफल रहा है ।कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ठप है और हालात वहां के बहुत ज्यादा दर्दनाक हैं। उन्होंने कहा कि यह उन्होंने वहां साक्षात अनुभव किया है क्योंकि वह चुनाव के दौरान पश्चिमी बंगाल में रहे हैं। यादव ने कहा कि देश आजादी का स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। पूरे देश में तिरंगा यात्रा को लेकर बहुत उत्साह है और इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रहे हैं। जिससे देश शक्तिशाली बने। उन्होंने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र में भी तिरंगा यात्रा को लेकर बहुत उत्साह है । भिवाड़ी अलवर में तिरंगा यात्रा निकाली गई । इससे पहले केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा सहित अनेक भाजपा नेताओं ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद तिरंगा यात्रा शुरू हुई। कार्यकर्ता और जनता मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर ट्रॉली पर तिरंगा लगाकर चल रहे थे। यह तिरंगा यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू हुई जो कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पहुंची।

कार नहर में पलटी पांच लोगों की मौत

औरंगाबाद: बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सोन नहर में कार के पलट जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई।दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि कार पर सवार लोग रोहतास जिले के गुप्ताधाम में दर्शनझ्रपूजन करने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में मंगलवार की सुबह उनकी कार अनियंत्रित हो गई और बारूनझ्रदाउदनगर नहर रोड स्थित चमन बिगहा गांव के समीप नहर में जा गिरी। नहर में पानी अधिक होने के कारण कार में सवार सभी लोगों की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार में सवार सभी मृतकों के शव को बाहर निकाला।

कमला हैरिस की रैलियों में नकली भीड़: डोनाल्ड ट्रम्प

कहा -एआई का इस्तेमाल कर दिखाए जा रहे ज्यादा लोग , न्याय विभाग पर केस करेंगे पूर्व राष्ट्रपति

● नई दिल्ली, एजेंसी

रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया है कि पिछले हफ्ते उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की मिशिगन रैली में ज्यादा भीड़ नहीं थी। उन्होंने कहा कि रैली में ज्यादा भीड़ दिखाने के लिए अकका इस्तेमाल किया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि फर्जी भीड़ दिखाने के चलते हैरिस को 2024 के चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फर्जी छवि बनाना गलत है।

कमला ने बुधवार (7 अगस्त) को मिशिगन के डेट्रॉयट में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। इस रैली से पहले एयरपोर्ट पर खूब भीड़ जुटी थी। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर वायरल हुई थी, जिसके बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि क्या किसी ने देखा कि कमला ने एयरपोर्ट पर धोखा दिया?

कमला ने बुधवार (7 अगस्त) को मिशिगन के डेट्रॉयट में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। इस रैली से पहले एयरपोर्ट पर खूब भीड़ जुटी थी। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर वायरल हुई थी, जिसके बाद ट्रम्प ने कहा कि ये सब कुछ नकली है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, कि क्या किसी ने देखा कि कमला ने एयरपोर्ट पर धोखा दिया? उसने समर्थकों की एक बड़ी 'भीड़' दिखाई, लेकिन ऐसा नहीं था। वहां उनका कोई इंतजार नहीं कर रहा था। कमला हैरिस और टिम वाल्ज की चुनावी टीम ने सोशल मीडिया पर ट्रम्प के दावे को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मिशिगन में कमला और वॉल्ज को देखने के लिए करीब 15,000 लोग आए थे। लगता है कि ट्रम्प की एनर्जी कम हो रही है। उन्होंने पिछले एक सप्ताह से स्विंग स्टेट में कोई रैली नहीं की।

एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प गोपनीय सरकारी दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए अपने मार-ए-लागो एस्टेट में तलाशी वारंट जारी करने के लिए अमेरिकी न्याय विभाग पर 100 मिलियन डॉलर

का मुकदमा करने की योजना बना रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति के मार-ए-लागो आवास पर 8 अगस्त 2022 को एफबीआई की छापे मारे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की कानूनी टीम यह तर्क देगी कि न्याय विभाग ने जब उनकी संपत्ति की तलाशी ली तो उसका राजनीतिक उत्पीड़न करने का स्पष्ट इराद था। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मामले में ट्रम्प की तुलना में ज्यादा लोगों को कमला हैरिस पर भरोसा है। फाइनेंशियल टाइम्स और मिशिगन यूनिवर्सिटी के सर्वेक्षण में पाया गया कि 42% मतदाता आर्थिक मुद्दों पर हैरिस पर भरोसा करते हैं, जो ट्रम्प से एक प्रतिशत अधिक है।

वहीं 41% लोगों का मानना है कि ट्रम्प अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकते हैं। चौकाने वाली बात यह है कि जुलाई में भी ट्रम्प 41% पर ही थे जबकि बाइडेन ट्रम्प से 6 अंक पीछे 35% पर थे।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और कांग्रेस

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट भारत की छवि धूमिल करने व इसकी आड़ में भारत में अराजकता फैलाना है। कांग्रेस इस रिपोर्ट को लेकर सरकार पर तरह-तरह के आरोप लगा रही है। कांग्रेस समझ रही है कि सरकार के खिलाफ बोलने के लिए उसे कुछ दिन का और मुद्दा मिल गया है। लेकिन सच्चाई तो सच्चाई होती है। पहले भी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस हव्वा खड़ा कर चुकी है। लेकिन इस रिपोर्ट की गहरायी में जब लोग उतरे तो पता चला कि इसमें सच्चाई बिल्कुल भी नहीं थी। यह भारत को बदनाम करने की साजिश थी। एक बार फिर से हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमलावर है। हालांकि इसे लेकर सेबी ने पहले ही अपनी सफाई दे दी। दरअसल कांग्रेस हिंडनबर्ग के साथ मिलकर काम कर रही है और वो देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश में शामिल हैं। तीसरी बार चुनाव हारने के बाद कांग्रेस पार्टी, इंडी गठबंधन के लोग और उनको प्रमोट करने वाले टूलकिट के लोग भारत को आर्थिक रूप से अस्थिर करने के षड्यंत्र में लगे हुए हैं। शनिवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आती है, रविवार को हो हल्ला मचता है ताकि सोमवार को पूरे कैपिटल मार्केट को अस्थिर कर दिया जाए। इसके पीछे क्या वजह रही इसे हर एक को समझना चाहिए। दरअसल हिंडनबर्ग में जॉर्ज सोरोस ने निवेश किया है, जो भारत के खिलाफ नियमित रूप से प्रपंच रचते रहते हैं। इनकी एक ही परेशानी है कि भारत इतनी तरक्की कैसे कर रहा है? भारत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन कैसे बढ़ रही है? पिछले दस बारह सालों में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ी है। निवेशक अपने रिटर्न से बहुत खुश हैं। लेकिन कुछ लोगों को यह बात पच नहीं रही है। यही लोग वैश्विक स्तर पर भारत को कमजोर करने की रात-दिन साजिशें रच रहे हैं। मोदी से नफरत करते-करते यह लोग अपने ही देश से नफरत करने लगे है। इस टूलकिट गैंग का भारत के विकास से कोई लेना देना नहीं है, जहां तक हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का सवाल है तो उसने जो आरोप लगाए हैं सेबी प्रमुख ने इसका जवाब भी दे दिया है। सच तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में अपनी जांच पूरी करने के बाद सेबी ने हिंडनबर्ग के खिलाफ जुलाई में एक नोटिस दिया था, इस नोटिस का जवाब देने की बजाय हिंडनबर्ग ने ये रिपोर्ट पेश की है, जो पूरी तरह तथ्यों से परे और आधारहीन है। जो कांग्रेस पाटी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर नाच रही है, उसे खुद अपनी गिरबां में झांकना चाहिए। यूपीए सरकार के 10 साल के शासन के दौरान कितने घोटाले हुए, इसे बताने की जरूरत नहीं है। 2जी घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, यह कांग्रेस की उपलब्धियां हैं। अब सवाल उठता है तब ऐसी रिपोर्ट क्यों नहीं आती थी? इससे जाहिर है कि कांग्रेस और टूलकिट गैंग की मंशा क्या है? पिछली बार जब यह हुआ तो, दो दिन में रिकवर कर गया। सुप्रीम कोर्ट की जांच के बाद और रिकवर कर गया। लगता है भारत के निवेशक कांग्रेस और हिंडनबर्ग की मिलीभगत को समझ गए हैं। इसीलिए बाजार पर इस साजिश का असर नहीं पड़ा है। यही कारण है कि सेंसेक्स इस समय 80,000 के दायरे में चल रहा है। सेंसेक्स में यह तेजी भारत की विकास गाथा की अदम्य भावना को प्रदर्शित करती है। हालांकि इस तेजी के बीच हमें हिंडनबर्ग की असलियत भी सामने रखनी होगी, ताकि भविष्य में इसके प्रति सचेत रहा जा सके और विदेशी ताकतें हमारी तरक्की में अवरोध पैदा करने में सफल न हो सकें।

संतवाणी

सच को कहने के हजारों तरीके हो सकते हैं और फिर भी सच तो वही रहता है। - **स्वामी विवेकानंद**, आध्यात्मिक गुरु

सामयिक

शाहीन सबा

भारतीय ज्ञान परंपरा की पाठ्यक्रमों में जरूरत

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय ज्ञान परम्परा को समझने के लिए कुछ पुस्तकों को महाविद्यालयों में खरीदने का आदेश दिया। इस पर कुछ तथाकथित गैर शिक्षाविदों, लीक पीटने वाले नेताओं का विरोध आया। विरोध है कि पुस्तकें आरएसएस के लेखकों की हैं। तो समझें इसकी आवश्यकता क्यों? राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 मध्यप्रदेश में लागू हुए तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। नीति को लागू करने में अग्रणी राज्य होने के कारण इसके अच्छे परिणाम लाने में भी इसकी महती भूमिका अपेक्षित है। इन तीन वर्षों में अनुभव को साझा करने देश, राज्य और काल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निरंतर मंथन चल रहा है। उसके परिणाम स्वरूप अध्ययन मंडलों की सलाह पर संदर्भ ग्रंथ के रूप में पुस्तकों को महाविद्यालयों में खरीदने का आग्रह किया गया है। जो विशुद्ध रूप से भारतीय वांग्मय पर आधारित हैं। इन पुस्तकों का हेतु मात्र इतना ही है कि भारतीय ज्ञान परम्परा को उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में समाहित कैसे करें कि वह शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए व्यवहारगत शिक्षा के रूप में सामने आ सके। समझना होगा कि जब चीजें धुंधली रहती हैं तो चिन्तन और विमर्श की आवश्यकता पड़ती है। जहां चेतना है, वहां यथास्थिति नहीं रहती और यथास्थिति नहीं रहती है तो सम -विषम परिणाम भी सामने आते हैं। आज उच्च शिक्षा में वाद की जगह दुराग्रह पूर्ण जल्प डिबेट कॉम्पटीशन चल रहा है। परिणाम शिक्षा नीति वादे वादे जायते तत्व बोध की जगह वादे वादे कंठशोष आ रहा है। इतना भी होता तो कुछ गुंजाइश निकलती किंतु यह उससे भी आगे सेकुलरिस्ट और कम्युनिज्म का वितंडा वाद है, जो स्वतंत्रता के बाद से आज तक कुछ सार्थक तो दे नहीं पाए, बस वितंडा कर भारत, हिंदू, धर्म, सनातन, संस्कृति, परम्परा के सार्थक दृष्टि कोण का खंडन ही करते रहे। यह एक तरह का राष्ट्र के साथ छल है। अतः कुछ सार्थक चाहिए तो वाद के आधार पर तथ्यों के साथ चीजों को समझना होगा। किसी भी देश की ज्ञान परम्परा उस देश का दर्पण हुआ करती है। ज्ञान परम्परा के माध्यम से उस देश की



> उपनिषद् सर्वोच्च मानव बुद्धि की उपज हैं। यह मेरे जीवन के लिए शान्ति का आश्वासन रहा है और जो मेरी मृत्यु के बाद तक बना रहेगा।'हम बोल्ट गीता को संसार की गम्भीरतम और उच्चतम वस्तु मानते थे।

अतीत से वर्तमान तक की यात्रा से आज की पीढ़ी अवगत होती है। ज्ञान परम्परा के माध्यम से ही देश का तत्वचिंतन, संस्कृति, सभ्यता अभिव्यक्त होती हैं। भारत और उसकी पहचान तथ्यों के आधार पर मार्कट्वेन के शब्दों में भारत उपासना पंथों की भूमि, मानव जाति का पालना, भाषा की जन्मभूमि, इतिहास की माता, पुराणों की दादी तथा परम्परा की परदादी है। मनुष्य के इतिहास में जो भी मूल्यवान एवं सृजनशील सामग्री है , उसका भंडार अकेले भारत में है। किन्तु कुचक्रों, जल्पों और वितंडा वाद के आधार पर (मैक्समूलर अपनी पत्नी को साफ-साफ) लिखता है कि वेद का मेरा यह अनुवाद उत्तर काल में भारत के भाग्य पर दूर तक प्रभाव डालेगा। यह उनके धर्म का मूल है और विगत तीन हजार वर्षों से उत्पन्न आस्थाओं को जड़मूल से उखाड़ने का उपाय है।

एन.के. मजूमदार को मृत्यु से एक वर्ष पूर्व लिखे पत्र में, प्रो. मैक्समूलर लिखता है मैं हिन्दू धर्म को शुद्ध बनाकर ईसाइयत के पास लाने का प्रयास कर रहा हूं। आप या केशवचन्द्र सरीखे लोग प्रकट तौर पर ईसाइयत को स्वीकार क्यों नहीं करते? नदी पर पुल तैयार है। केवल तुम लोगों को चलकर आना बाकी है। पुल के उस पार लोग स्वागत के लिए आपकी राह देख रहे हैं। विचार करें यूरो सेंट्रिक शिक्षा कैसे हमारे घरों में कान्वेंट के रास्ते आ रही है? एनी बेसेंट का भारत की राष्ट्रीयता और उसकी ज्ञान परम्परा पर कालजयी दृष्टांत भी समझना होगा- विश्व के विभिन्न महान धर्मों एवं पंथों के अपने चालीस वर्षों से अधिक के अध्ययन के आधार पर मैं कह सकती हूं कि मुझे हिन्दू धर्म जितना सम्पूर्ण, विज्ञान सम्मत, दार्शनिक और आध्यात्मिक दिखा उतना कोई दूसरा धर्म नहीं दिखा। जितना अधिक आप इसे जानते हैं उतना ही अधिक आप इससे प्यार करने लगते हैं और जितना अधिक आप इसे समझते हैं उतनी ही गहराई से आप इसका महत्व समझने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा इस विषय में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि बिना हिन्दुत्व के भारत का कोई भविष्य ही नहीं है। जिसमें भारत की जड़ें गहरी जमी हुई हैं और यदि उस भूमि से उसे उखाड़ा गया तो भारत वैसे ही सूख जाएगा जैसे कोई वृक्ष भूमि से उखड़ने पर सुख जाता है। समय के साथ हर कोई वैसे ही चला जाएगा जैसे यह आया था किन्तु एक बार हिन्दुत्व को हटा दीजिए तो उसके बाद भारत का क्या बचता है ? भारत का इतिहास, उसका साहित्य, उसकी कला, उसके स्मारक सब में हिन्दुत्व आद्योपांत भरा पड़ा है। यदि हिन्दू ही हिन्दू को नहीं बनाए रखेंगे तो इसको कौन बचाएगा? विचारें ये प्रश्न जितने उस समय प्रासंगिक थे उससे कहीं अधिक उनकी प्रासंगिकता आज के समय में भी है।(अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश हमारे सामने हैं)

इस परिस्थिति के पीछे का कुचक्र- प्रख्यात जर्मन विद्वान् शोपन हॉवर ने लिखा उपनिषद् सर्वोच्च मानव बुद्धि की उपज हैं। यह मेरे जीवन के लिए शान्ति का आश्वासन रहा है और जो मेरी मृत्यु के बाद तक बना रहेगा। हम बोल्ट गीता को संसार की गम्भीरतम और उच्चतम वस्तु मानते थे। विद्वानों के यह कथन स्वाभाविक थे, परन्तु जैसे-जैसे भारत, भारतीयता और हिन्दू धर्म का अधिक प्रचार होने लगा वैसे-वैसे ईसाई धर्म प्रचारकों और पादरियों के कान खड़े हो गए। उन्हें लगने लगा कि यदि संस्कृत वाड्मय का इसी प्रकार प्रचार चला तो सृष्टि का निर्माण 4004 ईसा पूर्व हुआ तथा बाइबिल में व्यक्त विचार ही सर्वश्रेष्ठ विचार हैं, ये धारणाएं ध्वस्त हो जाएंगी। अतः उन्होंने अनेक लोग तैयार किए जो भारतीय ज्ञान परम्परा उसकी प्राचीनता, श्रेष्ठता और गहनता को अप्रमाणिक और अवास्तविक बताएं। इन लोगों के मन में भारतीय साहित्य का भय कितना था इसका परिचय फ्रेडरिक वॉडमेर ने इन शब्दों में दिया था, बाइबिल के रक्षक इतने भयभीत हो गए हैं कि उन्हें ऐसा लगने लगा है कि संस्कृत का वर्चस्व बाबेल की मीनार गिरा देगा (दि लूम ऑफ लैंग्वेज न्यूयार्क 1644 - पृ0 174)।

दूसरी ओर हजार वर्षों से सेमेटिक मजहबों का, आर्थिक, राजनैतिक विचारधाराओं का, जो सतत आक्रमण चला उन आक्रमणों के परिणामस्वरूप यहां के समाज को यहां की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक रचनाओं को तोड़ने- मरोड़ने और अपने अनुकूल ढालने का प्रयत्न दीर्घकाल में हुआ। वर्ष 1921 में रवीन्द्र नाथ टैगोर ने अपने भाषण में कहा था-ऐसा नहीं है, अंग्रेजों का यह एक सर्वकष आक्रमण है, जो हमारे समाज को, उसके मानस को, उसकी आत्मा को मूल से परिवर्तित कर देगा और इसका मुकाबला करने के लिए अगर आप तीर कमान लेकर उसके पीछे छोड़ेंगे तो यह रूप बदलता जाएगा। समाधान के रूप में पूर्वजों का मत है- भारत अपनी आत्मा का साक्षात्कार करे। उस आत्मा की अभिव्यक्ति 'Pahilosphical label' नहीं, रचनाओं, जीवन मूल्यों, दैनंदिन जीवन की अभिव्यक्ति के अंदर अभिव्यक्त हो। अतः भारतीय ज्ञान परम्परा को आज के पाठ्यक्रम में लाना कितना आवश्यक है, हम समझ सकते हैं । आज भी शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में एक बड़ा तंत्र भारत में इसी दिशा में काम कर रहा है।) सार यह कि शिक्षा, संस्कृति के ऊपर की धूल हटे और भारत भारत केन्द्रित ज्ञान परम्परा को भारतीय वांग्मय के आधार पर समझे।

आर्थिक

दीपक उपाध्याय

आर्थिक आतंकवाद फैलाती हिंडनबर्ग नामक संस्था

दुनिया में अपनी रिसर्च के जरिये शेयर बाजारों में डर का माहौल बनाकर पैसे कमाने वाली संस्था हिंडनबर्ग ने एक बार फिर भारत पर आर्थिक आतंकवाद किया है। शेयर बाजारों में लिस्टिड कंपनियों को टारगेट कर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसा कमाने के काम में हिंडनबर्ग दुनिया की प्रमुख रिसर्च संस्था है। भारत में अडानी को टारगेट करने से पहले भी इस संस्था ने ट्विटर और बहुत सारी लिस्टिड कंपनियों के शेयरों में अपने सहयोगियों की मदद से शार्ट पॉजिशन रिपोर्टस जारी कर उसमें भी खासा पैसा बनाया था, जिसको खुद हिंडनबर्ग ही बड़े शान से अपने बताती है। वैसे यह जानना भी जरूरी है कि शार्ट सेलिंग होता क्या है। शेयर बाजार में दो तरीके से पैसा कमाया जाता है। एक तो बाजार या शेयर के ऊपर जाने पर और दूसरा बाजार या शेयर के नीचे जाने पर। हिंडनबर्ग शेयरों के नीचे जाने पर दांव लगाती है और पैसा कमाती है।

सेबी के हिंडनबर्ग को नोटिस के बाद अब हिंडनबर्ग ने सेबी की चीफ पर भी अडानी के साथ संबंधों की एक भ्रामक खबर फैलाई है। हिंडनबर्ग का आरोप है कि सेबी प्रमुख माधबी बुच के पति धवल बुच ने सिंगापुर में गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी के बारमुडा और मॉरिशस कंपनियों में निवेश किया था। माधबी बुच ने कहा कि यह निवेश 2015 में किया था, उस समय दोनों ही सिंगापुर में काम कर रहे थे और वह सेबी की बोर्ड मेंबर उसके दो साल बाद यानि 2017 में बनी और 2022 में सेबी प्रमुख बनी। अब सवाल यह है कि अडानी की कंपनियों से मामला सेबी प्रमुख माधबी तक कैसे पहुंच गया। दरअसल सेबी ने अडानी की कंपनियों की जांच करते हुए पाया कि अडानी पर अपनी रिपोर्ट को 24 जनवरी 2023 में पब्लिक करने से दो महीने पहले इस संस्था ने किंगडम कैपिटल मैनेजमेंट नाम की एक कंपनी यह रिपोर्ट दे दी थी। इस किंगडम कैपिटल ने भारत में कोटक महिंद्रा इंवेस्टमेंट के साथ मिलकर अडानी के शेयरों में खरीद बिक्री की। यानि जब अडानी पर हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट को पब्लिक किया तो उससे पहले उसकी चुनी हुई किंगडम कैपिटल भारत में कोटक महिंद्रा बोक्रर के साथ मिलकर अडानी के शेयरों में शार्ट पॉजिशन ले चुकी थी। इस बात के सबूत कोटक महिंद्रा इंवेस्टमेंट और किंगडम कैपिटल मैनेजमेंट के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हुई बातचीत और मैसेज एक्सचेंज से मिलें हैं। इसके साथ ही एक समझौता और हुआ था, जो कि किंगडम कैपिटल और केइंडिया फंड के बीच हुआ था। उसके मुताबिक अडानी के शेयरों में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद शार्ट सेलिंग के बाद जो भी प्राफिट होगा वो उसमें से 30 परसेंट वो किंगडम कैपिटल के साथ बांटा जाएगा। हालांकि बाद में यह घटाकर 25 परसेंट कर दिया गया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी की कंपनियों के शेयरों को गिराकर पैसे कमाए जा सकें। इसके लिए किंगडम कैपिटल ने भारत में अपने फंड मैनेजर्स को 150 मिलियन डालर भेजे थे। बाद में अडानी के शेयरों में गिरावट के फायदे से करीब 22 मिलियन डॉलर कमाए गए थे। जांच में इन तथ्यों के मिलने के बाद सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस भेजा था। इससे बचने के लिए हिंडनबर्ग ने सीधे ही सेबी प्रमुख के चरित्र पर ही सवाल दागने शुरू कर दिए।

जनवरी 2023 में अडानी के शेयरों के साथ साथ हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट की वजह से लाखों भारतीय निवेशकों को भी 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ और हिंडनबर्ग और उसके साथियों ने मिलकर नकारात्मक माहौल फैलाकर शेयर बाजार को गिराया। इसके बाद भारतीय नियामक सेबी ने इसकी जांच शुरू की तो पाया कि हिंडनबर्ग दुनिया में बहुत सारे देशों में इस तरह की जांच के नाम पर शार्ट सेलिंग करवाता है और फिर वहां से पैसे कमाता है।

जहां तक अडानी के वित्तीय हेरफेर का मामला था, उसकी जांच को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से इन मामलों की जांच के लिए कहा था, जिसकी रिपोर्ट कोर्ट ने स्वीकार की थी, इन 24 मामलों में से 23 की जांच पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही सेबी को भी जांच के लिए सही एजेंसी बताया था। अडानी के खिलाफ सीबीआई जांच को लेकर यह याचिका दायर की गई थी। अब इस फैसले की रिव्यू पिटिशन भी खारिज कर दी गई है।

अब सवाल यह उठता है कि हिंडनबर्ग को क्या पड़ी थी कि वो अडानी पर ही रिपोर्ट जारी करे? क्या इस रिपोर्ट के जरिये वो स्वदेशी भारतीय कंपनी के साथ-साथ मोदी सरकार को भी कटघरे में खड़ा करे? अडानी जितनी बड़ी कंपनियां और भी भारत में हैं, लेकिन विपक्ष मोदी सरकार और अडानी को लेकर अक्सर झूठा प्रचार करता है। जिसका कोई सबूत कभी भी विपक्ष जनता के सामने नहीं रख पाया है, उलटे अडानी समूह की कंपनियों का सहयोग ममता बनर्जी से लेकर राजस्थान में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सावर्जनिक तौर पर लेते रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नुकसान पहुंचाने के चक्कर में हिंडनबर्ग के साथ मिलकर भारतीय विपक्षी नेताओं ने लाखों भारतीय निवेशकों के करोड़ों रुपए तो डुबवा ही दिए। साथ ही भारत को एक बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाने की कोशिश भी की है। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

पड़ोस

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

अराजकता की आस में राजनीतिक अवसर की प्रतीक्षा

दुनिया जानती है कि भारत में मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई तो 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के निर्माण के लिए अयोध्या में भूमिपूजन और आधारशिला रखी। इन दोनों ऐतिहासिक निर्णयों का ऐसा इतिहास बना जो स्वतंत्र भारत में आज तक नहीं बना था। लेकिन इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि इस तारीख पर कालिख पोतने के लिए पाकिस्तान ने बांग्लादेश में कट्टरपंथियों से हिंदुओं का कत्लेआम करा कर परोक्ष रूप से बदला लेने का काम किया। वस्तुतः यह संयोग नहीं है बल्कि यह संदेश है कि भारत सरकार ने जहां एक ओर कश्मीर में मुसलमान सियासतदानों को मिल रहे विशेष दर्जे को समाप्त किया और कथित बाबरी मस्जिद की जगह मंदिर बनाया तो उसका परिणाम बेकसूर हिंदुओं को भुगतना पड़ेगा। जिस बांग्लादेश को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने में मदद की उस बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने अपने राष्ट्र निर्माता बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की प्रतिमाओं पर हथौड़े चलाकर जमींदोज कर दिया। आज बांग्लादेश पूरी तरह से कट्टरपंथियों की गिरफ्त में पहुंच चुका है। वे शक्तियां जो भारत विरोधी और कट्टरपंथ की हिमायती हैं दोबारा सत्ता में काबिज होने जा रही हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि लोकतांत्रिक चुनाव पद्धति से बहुमत के आधार पर चुनी गई प्रधानमंत्री शेख हसीना को आनन फानन में देश छोड़कर जाने का निर्णय लेना पड़ा, क्योंकि कट्टरपंथी उनकी जान के दुश्मन बन गए थे। इससे बड़े दुख की बात और क्या हो सकती है कि जो देश विकास के रास्ते पर सरपट दौड़ रहा था वह आज कट्टरपंथियों और पाकिस्तान तथा चीन की अंगुलियों पर नाचने को उतावला है। जो भी हो भारत की सीमाओं पर दुश्मन देश पाक और चीन के अलावा आज की स्थिति में एक नाम बांग्लादेश का भी जुड़ गया जो न केवल चिंताजनक है बल्कि चौकन्ने रहने को बाध्य करता है। इसमें कोई शक नहीं कि शेख हसीना का विरोध छात्र असंतोष के कारण था जो वहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण का विरोध करते-करते हसीना हटाओ नाम का अभियान चलाने लगे थे जिसका नेतृत्व नाहिद इस्लाम कर रहे थे। लेकिन सच्चाई यह है कि यह मात्र छात्र आंदोलन नहीं था बल्कि हिंदुओं के विरुद्ध आंदोलन था जिसका नेतृत्व छात्रों के कंधे पर बंदूक रख कट्टरपंथी कर रहे थे। आज की स्थिति में वहां लगभग एक करोड़ 30 लाख हिंदू रहते हैं जिनकी जान माल की रक्षा खतरे में है। छात्र आंदोलन के नाम पर हिंदुओं को निशाना बनाना यह स्पष्ट करता है कि वहां का कट्टरपंथी और भारत विरोधी धड़ा पूरी तरह से सक्रिय है। बड़ी संख्या में हिंदुओं के घर जलाए गए, हिंदुओं को घर से बाहर निकाल कर हत्या की गई, हिंदू दुकानदारों की दुकानों को लूट लिया गया, हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया गया जो भारत की चिंता बढ़ाने वाला है। कल तक शेख हसीना भारत की पक्षधर और बांग्लादेश के विकास की प्रतीक थीं जिन्होंने न केवल भारत की सहायता से बांग्लादेश को विकास की राह पर लाकर खड़ा किया था बल्कि वह चीन और अमेरिका के दबाव के बाद भी भारत के साथ खड़ी रहीं। यही नहीं उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत का साथ दिया उन्होंने पूर्वोत्तर के सारे आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंप जो बांग्लादेश में चल रहे थे उन्हें नष्ट करने में भारत की मदद की। आतंकवाद को खत्म करने में उनकी भूमिका इसलिए भी सराहनीय है कि उन्होंने कई आतंकवादियों को पकड़कर भारत को सौंप दिया। निश्चित ही उनका बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल होना भारत के लिए दुखदायी ही कहा जाएगा क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया जिन्हें अभी अभी जेल से रिहा किया गया है वे न केवल पाकिस्तान समर्थक हैं बल्कि उनका भारत विरोध किसी से छुपा नहीं है। बदली हुई परिस्थितियों में अभी तो अंतरिम सरकार के रूप में नोबेलिस्ट मोहम्मद यूनुस ने बागडोर संभाली है जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल बधाई दी है बल्कि हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई है। देखना होगा कि यूनुस के नेतृत्व में परिस्थितियों कितनी बदलती हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस भी भारत विरोधी और साम्यवादी विचारधारा के और अमेरिकी समर्थक माने जाते हैं। भारत की चिंता इस बात को लेकर भी है कि उसने बांग्लादेश में अरबों रुपए का निवेश कर रखा है, वह एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है। **(लेखक समाजशास्त्र के सेवानिवृत्त प्राध्यापक हैं)**

विचार बोध

कमलेश पांडे

लोकतंत्र का वीभत्स स्वरूप सांप्रदायिक जातीय हिंसा

कहते हैं न कि नीतियां जब नरम होती हैं, तो अराजक तत्व हावी हो जाते हैं। राजतंत्र के कब्र पर पनपा समकालीन लोकतंत्र इसका जीता-जागता उदाहरण है। हाल के दिनों में बांग्लादेश में हुई हिन्दू विरोधी हिंसा, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में जारी हिन्दू विरोधी उत्पीड़न व हिंसा की अगली कड़ी है। यूं तो भारत के कश्मीर, केरल और पश्चिम बंगाल आदि में भी जब तब कुछ ऐसा ही हो जाता है, जिस पर काबू पाने में भारतीय प्रशासन भी सियासी वजहों से लगभग असहाय नजर आता है। गोया, इन घटनाओं से साफ है कि इन देशों में पुलिस या सैन्य प्रशासन का भय अपराधी या गिरोहबाज प्रवृत्ति के लोगों में नहीं है। ऐसा इसलिए कि सांप्रदायिक व जातीय वजहों से कुछ सुरक्षाकर्मी-पुलिसकर्मी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष तरीके से ऐसी नृशंस घटनाओं को शह देते आए हैं। वहीं, सिविल प्रशासन पर भी अमूमन सियासी वजहे हावी रहती हैं, जिसके चलते भीड़ की बेलगाम हिंसा को रोकने वाला न तो कोई माई-बाप है और न ही ऐसे तत्वों के खिलाफ कोई सामूहिक दंड विधान मौजूद है, जिसका भय इनके दिलोदिमाग में बना रहे।

इसलिए मेरे जेहन में यही सवाल उठता है कि आखिर भारतीय उपमहाद्वीप में कब तक थमेगी सांप्रदायिक व जातीय हिंसा की ऐसी बर्बर आदिम युगीन घटनाएं? इस बदत्तर स्थिति के लिए भारतीय, पाकिस्तानी या बांग्लादेशी हुक्मरान कितने जिम्मेदार हैं? वहीं, दुनिया के थानेदार मतलब अमेरिका, चीन और रूस आदि भी आखिर क्यों नहीं चाहते इन बर्बर घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक? शायद इसलिए कि लोकतांत्रिक सियासत में वोट बैंक के जुगाड़ के लिए ऐसी निर्लज्ज व जघन्य घटनाओं की ब्रेक के बाद पुनरावृत्ति जरूरी है।

तभी तो न तो मुगलिया सल्तनत में, न ब्रितानी हुकूमत में और न ही आजाद भारत-पाकिस्तान-बंगलादेश में ऐसी लोमहर्षक घटनाओं पर कोई मजबूत लगाम लग सकी? तो क्या इन देशों का संविधान, संसद और सर्वोच्च न्यायालय इन सबकी खुली इजाजत देता आया है। यदि नहीं तो इन वारदातों के खिलाफ कितने स्वतः संज्ञान लिए गए। यहां की संसदों-विधानमण्डलों में कितनी सकारात्मक बहसें हुई और उसके क्या सकारात्मक परिणाम निकले। क्या कोई जनरक्षक कानून बन पाया या विधि-व्यवस्था की विफलता के लिए किसी की जिम्मेदारी (सामूहिक ही सही) तय की जा सकी। जवाब होगा, शायद अब तक तो नहीं। तो फिर सवाल यही कि आजादी के इतने सालों बाद तक भी क्यों नहीं? क्योंकि मुगलों और अंग्रेजों पर तो फूट डालो शासन करो के आरोप लगाए गए, लेकिन भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश आदि में बैठे काले अंग्रेजों, जिनमें नेता-नौकरशाह दोनों शामिल हैं, ने क्या किया? जवाब होगा- हिन्दू-मुस्लिम, सिख-ईसाई को सम्प्रदाय में बांटने के लिए अल्पसंख्यक-बहुसंख्यकवाद चलाना और हिन्दू समाज को जातियों में बांटने के लिए आरक्षण को अनैतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने और नख से सिख तक ब्राह्मणवाद-बनियावाद को कोसते रहने के सिवाय कुछ भी नहीं। आखिर यह कौन नहीं जानता कि परस्पर कई युद्ध लड़ चुके इन देशों की राजनीति में जहां पाकिस्तान-बांग्लादेश की सियासत भारत और हिन्दू विरोध के ऊपर चलती आई है। वहीं भारत की सियासत मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दू हितों की हिफाजत के नाम पर चमकती आई है। बावजूद इसके, कहीं आतंकी हिंसा, कहीं नक्सली हिंसा, कहीं गिरोह वार, कहीं जातीय हिंसा और कहीं साम्प्रदायिक हिंसा ही इन देशों की नियति बन चुकी है। यहां का पुलिस प्रशासन और मिलिट्री प्रशासन इन उपद्रवियों के समक्ष लाचार नजर आता है। आप मानें या न मानें, लेकिन इस कबीलाई लोकतंत्र, जहां सुशासन के तमाम प्रयास विफल साबित प्रतीत हो रहे हैं, को अब पूंजीवाद से खतरा है। क्योंकि अपने दीर्घकालिक लाभ के वास्ते हथियार बेचते रहने की गरज से ये कहीं भी अमन-चैन रहने देना नहीं चाहते हैं। इनकी नीतियां जनद्रोही हैं, जिसे ये न्यू वर्ल्ड आर्डर करार देकर हम पर थोपना चाहते हैं। इनकी डिजिटल सोच सुविधाजनक पर रोजगार घाती है। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

CMYK

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाए भारत : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए सोमवार को सरकार से इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाने की मांग की। यादव ने एक्स पर कहा, कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नजरिये वाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता मानने वाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, भारत सरकार द्वारा इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार की रक्षा के रूप में सख़्ती से उठाया जाना चाहिए। ये हमारी प्रतिरक्षा और आंतरिक सुरक्षा का भी अति संवेदनशील विषय है। सपा अध्यक्ष ने इससे पहले एक्स पर ही बांग्लादेश का नाम लिये बगैर कहा था कि देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास सिखाता है कि जो सरकार किसी और देश के राजनीतिक हालात का इस्तेमाल अपने सियासी मंसूबों को पूरा करने के लिए करती है, वह देश को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर कमजोर करती है। अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व इतिहास गवाह है कि कई देशों में विभिन्न कारणों से, सही या गलत, उस समय के हालातों के अनुसार, हिंसक जन क्रांतियां, सैन्य तख्तापलट, सत्ता-विरोधी आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उथल-पुथल भरे समय में केवल उसी देश का पुनरुत्थान हुआ है, जिसने किसी के खिलाफ किसी भी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया। सपा अध्यक्ष ने कहा, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। सकारात्मक मानवीय सोच के आधार पर, एक व्यक्ति के रूप में हर निवासी-पड़ोसी की रक्षा करना भी हर सभ्य समाज का मानवीय-दायित्व होता है, फिर वह चाहे किसी काल-स्थान-परिस्थिति में कहीं पर भी हो। उन्होंने कहा कि कई बार किसी देश के आंतरिक मामलों से प्रभावित होने वाले किसी अन्य देश का एकल स्तर पर हस्तक्षेप करना वैश्विक राजनयिक मानकों के लिहाज से उचित नहीं माना जाता है, लेकिन ऐसे में उस प्रभावित देश को अपने लोगों की रक्षा के लिए अपनी मूक विदेश नीति को सक्रिय करते हुए, विश्व बिरादरी के साथ मिलकर साहसपूर्ण सकारात्मक मुखर पहल करनी चाहिए। जिससे सार्थक समाधान निकल सके। उन्होंने कहा कि जो सरकार ऐसे में मूक-दर्शक बनी रहेंगी, वे ये मानकर चले कि ये उसकी विदेश नीति की नाकामी है, क्योंकि उसके सभी दिशाओं के निकटस्थ देशों में परिस्थितियां न तो सामान्य हैं और न उसके अनुकूल। सपा प्रमुख ने कहा, इसका मतलब है कि भू-राजनीतिक नजरिये से उसकी विदेश नीति में कहीं कोई भारी चूक हुई है। सांस्कृतिक-निकटस्थता के सूत्र से एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र को बांधकर आपसी समझबूझ और भाईचारे से ही विश्व के विभिन्न अशांत भू-खंडों में अमन-चैन लाया जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि सकारात्मक सोच से उत्पन्न सौहार्द एवं शांति ही मानवीय समृद्धि का मार्ग है।

राहुल गांधी के खिलाफ दायर केस में नहीं हो सकी सुनवाई

अब 23 अगस्त को अगली पेशी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में सोमवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विशेष न्यायाधीश छुट्टी पर थे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा के छुट्टी पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि अगली सुनवाई की तारीख 23 अगस्त तय की गई है। राहुल गांधी 26 जुलाई को अपने खिलाफ मानहानि के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे और कहा था कि यह मामला 'सस्ती लोकप्रियता' हासिल करने के लिए दायर किया गया है। शुक्ला के अनुसार, विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि उन्होंने कभी किसी के खिलाफ ऐसा बयान नहीं दिया जिससे उनके खिलाफ मानहानि का मामला बन सके। अदालत ने सुनवाई की तारीख 12 अगस्त तय की थी। स्थानीय भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त, 2018 को गांधी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने गांधी की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ईमानदार और स्वच्छ राजनीति में विश्वास करने का दावा करती है, लेकिन पार्टी का एक अध्यक्ष हत्या के मामले में "आरोपी" है। जब गांधी ने यह टिप्पणी की थी, तब शाह भाजपा अध्यक्ष थे। गांधी की टिप्पणी से करीब चार साल पहले, मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2005 के फर्जी मुठभेड़ मामले में शाह को बरी कर दिया था, उस समय वह गुजरात में गृह राज्य मंत्री थे।

अब छड़ी की जगह ये होगा ओमप्रकाश राजभर की पार्टी का चुनाव चिन्ह

अपना अध्यक्ष भी बदला

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने अपना चुनाव चिन्ह छड़ी की जगह चाबी रख लिया है। पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर लोकसभा चुनाव के बाद से ही चुनाव चिन्ह में बदलाव पर विचार कर रहे थे। वहीं, पार्टी ने प्रेमचंद कश्यप को सुभासपा की यूपी इकाई का अध्यक्ष बनाया है। गौरतलब है कि ओम प्रकाश राजभर योगी सरकार में मंत्री हैं और एनडीए के सहयोगी हैं। लोकसभा चुनाव में राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। अरविंद का चुनाव चिन्ह छड़ी था, जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में तीसरे नंबर पर था। एक एक्स पोस्ट में ओम प्रकाश राजभर ने लिखा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के संयोजन में रविंद्रालय ऑडोटोरियम हाल लखनऊ में आयोजित "प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक" में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रदेश पदाधिकारियों एवं 25 जनपदों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की तथा बैठक के पश्चात पार्टी के नये चुनाव चिन्ह "चाभी" की घोषणा की। राजभर और उनके बेटे का मानना है कि वे चुनाव इसलिए हारे क्योंकि उनके मतदाताओं ने गलती से छड़ी के निशान के बजाय नीचे हॉकी के निशान का बटन दबा दिया था। आज लखनऊ में पार्टी की बैठक हुई जिसमें ओम प्रकाश राजभर को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया और पार्टी ने आधिकारिक तौर पर अपना चुनाव चिन्ह छड़ी से बदलकर चाबी कर दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदेश में मदरसों की मान्यता की नयी व्यवस्था शुरू किए जाने की तैयारी के संकेत देते हुए कहा कि दो विश्वविद्यालय खोलकर मदरसों को उनसे संबद्ध किया जाएगा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के संयोजन में रविंद्रालय ऑडोटोरियम हाल लखनऊ में आयोजित "प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक" में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रदेश पदाधिकारियों एवं 25 जनपदों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की तथा बैठक के पश्चात पार्टी के नये चुनाव चिन्ह "चाभी" की घोषणा की।

अयोध्या के राम पथ और भक्ति पथ पर लगी लाइटें हुई चोरी, अब हुई एफआईआर दर्ज

अयोध्या। में रामलला के मंदिर की तरफ राम पथ और भक्ति पथ है। इन रास्तों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को रात में परेशानी ना हो इसके लिए लाइटें लगाई गई थी। इन लाइटों की कीमत 50 लाख रुपये से भी अधिक की थी। ये 3800 बैम्बू लाइट और 36 गोबो प्रोजेक्ट लाइटें थी, जिन्हें रामपथ और भक्ति पथ को अधिक खुबसूरत बनाने के लिए लगाया गया था। मगर अब इन पथ से इन लाइटों को चोरी कर लिया गया है। अयोध्या के सबसे सुरक्षित और सुरक्षा से भरपूर रहने वाले इलाके में ये चोरी की घटना हुई है। हैरानी वाली बात ये है कि चोरी होने की घटना की भनक पुलिस से लेकर अन्य किसी को भी नहीं लगी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इन लाइटों को लगाने का ठेका फर्म यश एंटरप्राइजेज और कृष्णा ऑटोमोबाइल्स को दिया था। इन कंपनियों द्वारा राथपथ के पेड़ों पर 6,400 बैम्बू लाइट और भक्तिपथ पर 96 गोबो प्रोजेक्टर लाइटें लगाई गई थी। इस घटना के बाद फर्म के प्रतिनिधि शेखर शर्मा ने जानकारी दी है कि रामपथ और भक्तिपथ पर लगाई गई 3,800 बैम्बू लाइट और 36 गोबो प्रोजेक्टर लाइट चोरी हो गई हैं। उनके द्वारा राम जन्मभूमि थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार रामपथ पर 6,400 बैम्बू लाइट तथा भक्ति पथ पर 96 गोबो प्रोजेक्टर लाइट लगाई गई थीं। गत 19 मार्च तक सभी लाइट लग चुकी थीं, लेकिन नौ मई को निरीक्षण के बाद पता चला कि कुछ लाइटें गायब हैं। जांच में मालूम हुआ कि करीब 3,800 बैम्बू लाइट तथा 36 गोबो प्रोजेक्टर लाइट चोरों द्वारा चुरा ली गई हैं। दर्ज शिकायत के अनुसार यह स्वीकार किया गया कि फर्म को इस चोरी की जानकारी मई में हुई, लेकिन मुकदमा चोरी के दो महीने बाद नौ अगस्त को दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुलंदशहर में कृषि विकास अधिकारी बच्ची और बकरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

बुलंदशहर। जिले के अहमदनगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में सरकारी कर्मचारी ने 10 वर्षीय दलित लड़की और बकरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि घटना 12 अगस्त को शाम को हुई। आरोप है कि कृषि विकास अधिकारी (एडीओ) के पद पर तैनात गजेंद्र सिंह ने एक दलित व्यक्ति के घर जाकर उसकी बेटी और एक बकरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पूरी हरकत पास में खड़े एक बच्चे ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर ली। एसएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने बताया कि आरोपी को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)